# शहर के लिए नया नासूर बना शंकर नगर एक्सप्रेस-वे

## ब्रिज के नीचे सिग्नल लगने के बाद लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

*रायपुर में वैसे तो हर इलाके में जाम के हालात बन रहे हैं। संतोषी नगर, लाखेनगर, मालवीय रोड, सदर बाजार, स्टेशन के इलाके, पचपेड़ी नाका, रायपुरा महादेव घाट रोड और तात्यापारा में रोज जाम लगता है। लेकिन अब शहर के लिए शंकरनगर का एक्सप्रेस वे सर्विस लेन लोगों के लिए नया नासूर बन गया है। जिला प्रशासन ने आम जनता के सुगम आवागमन के लिए ब्रिज के नीचे ट्रेफिक सिग्नल लगाया। पर इसके उलट वहां रोज लंबा जाम लगने लगा है, इससे लोगों* ▶▶|शेष पेज 13 पर

### न्यू दिल्ली स्वीट्स से भगतसिंह चौक तक दिक्कत

न्यू दिल्ली स्वीट्स से शंकरनगर रोड, इंडियन चिली के सामने संकरी रोड से केनाल रोड में अकसर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। एक के बाद एक, तीन सिग्नल हैं। पहला शंकर चौक पर। विधानसभा की तरफ से आने वालों को न्यू देलही स्वीट के सामने से ही जाम में ▶▶|शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### एक लाख रुपए के कफ सीरप के साथ तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस वे के ऊपर तीन लड़कों के कब्जे से एक लाख रुपए का कफ सीरप जब्त किया है। कफ सीरप के साथ पुलिस ने उत्तरप्रदेश, मौदहा निवासी शाहनवाज खान, मुजगहन निवासी स्वालीन वैष्णव तथा पंडरी निवासी सलाउद्दीन को गिरफ्तार किया है।

### सूने मकान में सवा लाख की चोरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर सवा लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडिताई का काम करने वाले भाठागांव निवासी महेंद्र तिवारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह सोमवार को परिवार सहित सरोना गया था। उसे उसके पड़ोसी ने घर में चोरी होने की जानकारी दी। चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़ कर आलमारी में रखे जेवर चोरी कर ले गया।

### खड़े ट्रक से टकराने पर कंटेनर चालक की मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से टकराने की वजह से एक कंटेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई।




पुलिस मर्ग कायम कर ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बेंद्री ओवरब्रिज के नीचे रविवार को ट्रक सीजी 07 सीएम 4783 के चालक ने बीच सड़क पर बगैर पार्किंग लाइट जलाए ट्रक खड़ा कर दिया था। इसके कारण कंटेनर चालक गणेश जयभावे ट्रक को नहीं देख पाया और ट्रक से कंटेनर टकरा गया। कंटेनर के ट्रक से टकराने की वजह से गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार रात की है।

### मतदान करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ मतदान करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। योगेश मिश्रा ने लक्ष्मण निर्मलकर तथा तीन अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। योगेश ने पुलिस को बताया है कि वह मतदान करने के लिए गया था। इस पर लक्ष्मण तथा उसके साथियों ने उस पर फर्जी मतदान करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### 27 हजार रुपए में उज्बेकिस्तान मूल की युवती देह व्यापार करने रायपुर पहुंची थी

# सेक्स रैकेट में कोलकाता के सरगना सहित 11 गिरफ्तार, प्रदेश के कई जिलों में फैले हैं तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेक्स रैकेट मामले में राजधानी पुलिस ने कोलकाता निवासी मुख्य सरगना सहित और 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। देह कारोबार को लेकर पुलिस अब तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच में उज्बेकिस्तान मूल की युवती के 27 हजार रुपए में रायपुर पहुंचने की जानकारी पुलिस को मिली है। कोलकाता का सरगना गुढ़ियारी में किराए पर मकान लेकर रह रहा था। तेलीबांधा की घटना के बाद सरगना कोलकाता फरार हो गया था।

पांच फरवरी को तेलीबांधा थाना क्षेत्र में देर रात नशे की हालत में उज्बेकिस्तान की युवती ने नशे की हालत में कार चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया था। एक्सीडेंट की घटना के बाद पुलिस ने एक सरकारी वकील तथा युवती को गिरफ्तार किया। इसके बाद सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विदेशी मूल की दो युवती तथा सरकारी वकील की गिरफ्तारी के बाद सात अन्य को गिरफ्तार किया।

### कोलकाता का दलाल पूरे देश में सप्लाई करता था विदेशी मूल की युवती




### लोकेंटो एप के माध्यम से सौदेबाजी

देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार रवि ठाकरे, जागेंद्र उके उर्फ मोहन तथा अन्य ने पुलिस को अहम जानकारी देते हुए खुलासा किया कि वे लोकेंटो एप के माध्यम से अपने ग्राहकों से संपर्क करते थे। उसी एप के माध्यम से अपने ग्राहकों को युवतियों की फोटो भेज रेट तय करते थे।

### मुंबई से रायपुर पहुंची थी युवती

एक्सीडेंट की घटना के बाद गिरफ्तार विदेशी मूल की युवती तथा सरकारी वकील भावेश आचार्या ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लगातार पूछताछ के बाद भावेश ने पुलिस को बताया कि उज्बेकिस्तान की युवती को उसने जुगल के माध्यम से रायपुर बुलवाया था। साथ ही भावेश ने पुलिस को बताया कि जुलग ने उज्बेकिस्तान की युवती को 27 हजार रुपए में मुंबई से रायपुर बुलवाया था।

### देह व्यापार के आरोप में इनकी हुई गिरफ्तारी

- रवि ठाकरे, आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द टिकरापारा
- जागेंद्र उके उर्फ मोहन, गुढ़यिारी
- बृजेश साहा, अंबिकापुर सरगांव, हाल पता कमल विहार टिकरापारा
- मो. साजिद, संतोषी नगर टिकरापारा
- दिनेश लिलवानी, देवपुरी टिकरापारा
- शेख इमरान निवासी संजय नगर टिकरापारा
- अमित सोनी, पुरानी बस्ती
- रमेंद्र पाठक, रायपुरा सत्यम विहार डीडी नगर
- शेख नूरूल हक, चौरसिया कालोनी टिकरापारा
- दुर्गेश पनागर, कवर्धा
- जुगल कुमार राय, पश्चिम बंगाल, 24 परगना हाल पता अशोक नगर गुढ़यिारी

# कुकरेजा की वापसी पर भड़के जुनेजा, कहा पैसा खुदा तो नहीं... खुदा से कम भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निष्कासित कांग्रेस नेताओं की पार्टी में वापसी को लेकर बवाल शुरू हो गया है। सूची में अजीत कुकरेजा का नाम आने के बाद रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, 15 फरवरी के बाद इस मामले में बहुत कुछ बोलूंगा। उन्होंने कहा, दिल्ली जाकर इस मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं से मिलकर इसकी शिकायत ▶▶|शेष पेज 13 पर



### कुकरेजा ने कहा हमेशा कांग्रेसी था

कुलदीप जुनेजा के विरोध पर अजीत कुकरेजा ने कहा कि उनके विरोध पर कुछ नहीं कहना। मैंने हमेशा विधानसभा का टिकट मांगा, जब नहीं मिला तो चुनाव मैदान में उतरा। मैं हमेशा से कांग्रेसी था, हमेशा रहूंगा।


## जन्मदिन उत्सव
## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।





**रायपुर।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर करणी सेना द्वारा महादेवघाट पर बुधवार को भव्य खारुन गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें सैकडों लोगों शामिल और पुण्य स्नान किया। इसके चलते दिन भर भक्तों का मेला लगा रहा।


एनटीपीसी NTPC

Indian Power Stations

50 YEARS OF POWERING GROWTH

## अनंत संभावनाओं के गौरवशाली 50 वर्ष

77+ गीगावॉट स्थापित क्षमता के साथ, एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है, जो देश के हर कोने को रौशन करने और सभी के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने के लिए समर्पित है। एनटीपीसी उद्योगों को विद्युत प्रदान करती हुई, सामुदायिक विकास और जन-जीवन की उन्नति को असंख्य तरीकों से प्रभावित करती है। एनटीपीसी, एक विश्वसनीय ऊर्जा लीडर के रूप में सभी के लिए स्वच्छ, सतत विद्युत और वर्ष 2047 तक *विकसित भारत* की दिशा में अग्रसर भारत की यात्रा में योगदान कर रही है।

### भारतीय विद्युत स्टेशन ओ एंड एम सम्मेलन

# आईपीएस-2025

विषय
विश्वसनीय और सतत उत्पादन, परिसंपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा परिवर्तन

दिनांक : 13 से 15 फरवरी 2025

स्थान : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज के पास, ग्रेट ईस्टर्न रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़-492010

आईपीएस-2025 अनुसूची

13 फरवरी गुरूवार
- उद्‌घाटन सत्र
- तकनीकी सत्र
- प्रदर्शनी

14 फरवरी शुक्रवार
- तकनीकी सत्र
- प्रदर्शनी
- समापन सत्र

15 फरवरी शनिवार
- प्रदर्शनी
- प्रदर्शकों द्वारा प्रस्तुति




# अनुपम नगर डकैती, करीबियों पर शक पुलिस टीम छापा मारने अमलेश्वर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप



सेना की वर्दी में घुसे डकैत, बुजुर्ग भाई-बहनों को बंधक बनाया, 10 मिनट में 60 लाख की डकैती

अनुपम नगर में मतदान के दिन मंगलवार को डकैती की घटना को सुलझाने क्राइम ब्रांच के 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के अलावा खम्हारडीह थाने की टीम लगी हुई है। डकैती की घटना में महिला के शामिल होने के बाद पुलिस को डकैती की घटना में किसी निकट के करीबी के हाथ होने की आशंका है। पुलिस को जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक जिनके यहां डकैती की घटना हुई है। वे आठ भाई बहन हैं। इनमें ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पहली डकैती जिसमें महिला शामिल

अनुपम नगर में डकैती की घटना में किसी महिला के इन्वाल्व होने की यह पहली घटना है। डकैती में महिला के शामिल होने की वजह से करीबियों पर डकैती की घटना में शामिल होने की आशंका बढ़ गई है। पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने फरार होने ऐसे रूट का चयन किया है, जहां कम से कम सीसीटीवी कैमरे लगे हों साथ ही जहां ट्रैफिक का दबाव कम हो।

### पुलिस पहचान परेड में डेढ़ सौ संदिग्धों में से कई गायब, पुलिस तलाश में जुटी

# बांग्लादेशियों की नागरिकता बनाने मार्कशीट का स्कैन, लगाए गए फर्जी स्कूल सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

महाराष्ट्र तथा रायपुर एटीएस ने जिन बांग्लादेशी घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज के आधार पर इराक जाने के लिए पासपोर्ट, वीजा के साथ गिरफ्तार किया है, उनकी मार्कशीट किसी दूसरे की मार्कशीट को स्कैन कर फर्जी स्कूल सर्टिफिकेट बनवाए जाने के बारे में पुलिस को जानकारी ▶▶|शेष पेज 13 पर



रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

### बचने के लिए बंगाली में बात करते थे

रिमांड पर लिए गए बांग्लादेशी घुसपैठिये पुलिस के सवालों से बचने सवालों के जवाब बंगाली भाषा में दे रहे थे। इसके चलते पुलिस ने पूछताछ करने बंगाली जानने वाले पुलिसकर्मियों की मदद ली, तब पुलिस बांग्लादेशी घुसपैठियों से पूछताछ कर पाई।

### *इन परिचय पत्र के बाद तैयार किया सर्टिफिकेट*

*पुलिस के अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठियों ने रायपुर आने के बाद अपने स्थानीय मददगारों की मदद से शिविर में पहले वोटर आईडी बनवाए। वोटर आईडी के आधार पर घुसपैठियों ने अपने आधार कार्ड बनवाने के बाद च्वाइस सेंटर में पैन कार्ड बनवाए। देश में यूसीसी लागू होने के बाद घुसपैठियों ने अपने आपको मूल निवासी साबित करने किसी दूसरे के स्कूल की अंकसूची को स्कैन कराकर अपना स्कूल सर्टिफिकेट बनवाया।*

खबर संक्षेप



## सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभांरभ

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार कई जगहों पर किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 8 मार्च तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बेबीलोन टॉवर रायुपर, टाटीबंध, नया रायपुर और बलौदाबाजार में एक साथ किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में शिक्षक और अन्य लोग शामिल होंगे।

## सरकारी पर्ची बंटी नहीं, परिसीमन से वार्ड-मतदान केंद्र बदले इसलिए कम वोटिंग

**रायपुर।** नगर निगम चुनाव में इस बार वोटिंग का परसेंट कम होने के पीछे दो बड़ी वजह है। चुनाव के पूर्व मतदाताओं के घर-घर बीएलओ के माध्यम से जो सरकारी मतदाता पर्ची बांटी जाती है, वह बांटी नहीं गई और दूसरा कारण वार्डों का परिसीमन होने के बाद वार्ड और मतदान केंद्र जिन मतदाताओं के बदल गए इसकी उन्हें जानकारी नहीं दी गई। इन्हीं दो कारण से चुनाव के दौरान शहरभर के मतदान केंद्रों में मतदाताओं को अपना मतदान केंद्र ढूंढने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं सैकड़ों-हजारों की संख्या में मतदाताओं को वोट किए बगैर लौटना पड़ा। इस तरह इन दो कारण से इस बार वोटिंग का परसेंट भी कम हो गया है। हरिभूमि ने बुधवार को रायपुर निगम में वोटिंग का परसेंट कम होने तथा वार्ड एवं मतदान केंद्र बदलने के कारण मतदाताओं को वोट करने में हुई परेशानी या नहीं कर पाए, ऐसे कई मतदाताओं से बातचीत भी की। सभी मतदाताओं ने यही कहा कि इस बार चुनाव की व्यवस्था अच्छी नहीं थी, जिसका असर वोटिंग पर पड़ा है। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ कई सरकारी मतदाता भी मतदान केंद्र बदल जाने के कारण वोट नहीं कर पाए। ऐसे ही कुछ विभागों के कुछ कर्मचारी मतदाताओं ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि चुनाव में इस बार अव्यवस्था थी, जिसके कारण उनके साथ उनके परिजनों को भी वोट करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक कर्मचारी ने बताया कि उसके माता-पिता महादेव घाट के पास निवास करते हैं और हमेशा इसी वार्ड में मतदान करते आए हैं, लेकिन इस चुनाव में मतदान करने उन्हें टाटीबंद क्षेत्र में जाना पड़ा।


# चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद गिधौरी गांव में सन्नाटा और मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गांव-गांव में चुनावी माहौल चरम पर है प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के साथ जमकर प्रचार कर रहे हैं। तो दूसरी ओर धरसींवा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत टोर के आश्रित ग्राम गिधौरी के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव बहिष्कार के बाद गांव में मायूसी छायी हैं। प्रत्याशी भी इस गांव में चुनाव प्रचार करने हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

**ग्रामीण बाकायदा अपने घरों की दीवारों में पोस्टर लगाकर चुनाव का प्रचार** - प्रसार ना करने का प्रत्याशियों को निवेदन किया है। एक हफ्ता पहले नायब तहसीलदार राजेंद्र चंद्राकर व पटवारी सिलतरा पुलिस गांव पहुंचकर चुनाव बहिष्कार नहीं करने के संबंध में

**चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशी भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे**






समझाइश दिया। लेकिन रूठे ग्रामीणों के सामने प्रशासन की एक नहीं चली। उल्टे ग्रामीणों ने आए हुए अधिकारी 20 साल से गांव में विकास कार्य नहीं होने की तथा गिधौरी को अलग पंचायत गठन करने समस्या गिनाई थी।

बता दे की 365 लोगों का हस्ताक्षर युक्त समर्थन ज्ञापन रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह व निर्वाचन आयोग तथा रिटर्निंग ऑफिसर धरसींवा बाबूलाल कुर्रे से मुलाकात कर गांव में हो रही समस्याएं को लेकर व नया पंचायत गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। अधिकारियों को कहा था वे किसी भी प्रत्याशी को गांव में घुसने नहीं देंगे। और न ही चुनावी प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे ग्रामीणका कहना था कि आश्रित गांव होने के चलते 20 साल से विकास कार्य नहीं हो रहा है ग्रामीण मूलभूत सुविधाएं से वंचित हैं। केंद्र सरकार मनरेगा कार्य इस गांव में नहीं चल रहा है। आश्रित ग्राम गिधौरी में लगभग 600 के आसपास वोटर हैं।

चुनाव : 24768 में से 19218 मतदाताओं ने किया मतदान, जिसमें से 9418 पुरुष एवं 9800 महिलाएं

# तिल्दा नेवरा के 22 वार्डों में 77.59 प्रतिशत मतदान, महिलाओं ने दिखाया ज्यादा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 77.59 प्रतिशत मतदान हुआ है, कई वार्डों में भारी मतदान हुआ है। शहर के कुल 24768 मतदाताओं में से 19218 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से 9418 पुरुष मतदाताओं एवं 9800 महिला मतदाताओं ने अपने मत डाले है। कई वार्डो में महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कई पोलिंग बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइन भी लगी थी। वहीं ईवीएम मशीनों को बीएनबी शासकीय स्कूल के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया गया है। इधर कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टी अपनी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे है। लेकिन पिटारा 15 फरवरी को ही खुलेगा व जीत का ताज जनता ने किसे पहनाया है यह पता चलेगा। इधर शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का विशेष महत्व रहा है। पूरी मुस्तैदी के साथ पुलिस तैनात थी।

- भाग्य का पिटारा 15 को खुलेगा व जीत का ताज जनता ने किसे पहनाया है यह पता चलेगा



**संगठन से ज्यादा व्यक्ति को दिया महत्व**

*साथ ही बता दे कि इधर भाजपा संगठन पर भरोसा रखती है तो वहीं कांग्रेस में संगठन से ज्यादा व्यक्ति विशेष को महत्व दिया जाता है। गुटबाजी दोनों पार्टियों में है लेकिन कांग्रेस में बहुत ज्यादा गुटबाजी देखने को मिलता है। इसका ताजा उदाहरण इस चुनाव में भी देखने को मिला है। जहां कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी बनाए गए लक्ष्मीनारायण वर्मा जो कि लगातार 3 बार के पार्षद रहे है उन्हें अपने टिकट के लिए काफी एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा है।*

### गुटबाजी उजागर

*उसके बाद कांग्रेस ने नामांकन दाखिले के आखिरी तारीख के पहले 27 जनवरी की रात में लगभग 10.30 बजे पार्षद पद के प्रत्याशियों की घोषणा की। जिसमें गुटबाजी स्पष्ट रूप से नजर आई। भाजपा ने अपने पार्षद पद के प्रत्याशियों की पहले ही घोषणा कर दी थी। वहीं कुछ वार्डो में कांग्रेस से प्रत्याशी थोप दिए गए। कुछ वार्डो में कांग्रेस के जो सच्चे सिपाही थे उनकी टिकट काटकर दूसरे लोगों को टिकट दे दिए। जिसका उन वार्डो में काफी आक्रोश भी देखा गया। सूत्रों की माने तो कुछ वार्डो में भाजपा से सेटिंग कर व लेनदेन कर टिकट वितरण की बातें भी जमकर चर्चा में रही है। वार्ड क्रमांक 8 में तो वार्डवासियों ने बताया कि कांग्रेस की वार्ड की महिला प्रत्याशी एक भी दिन प्रचार में नहीं निकली, बताया गया कि कांग्रेस के जनसंपर्क रैली के पहले ही दिन से वह बीमार हो गई थी। इसी तरह से कुछ अन्य वार्डों में भी कांग्रेस प्रत्याशी काफी कमजोर नजर आए। भाजपा में भी कुछ वार्डो में प्रत्याशियों को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की गई, भाजपा में भी गुटबाजी देखने को मिला है लेकिन अध्यक्ष पद से लेकर भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के लिए मंत्री टंक राम वर्मा की ही चली है ऐसा बताया जाता है।*

## श्री रामचरितमानस पाठ में स्नान की महिमा गायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में माघी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में परंपरा के अनुसार 24 घंटे का श्रीरामचरितमनास पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मानस के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए स्नान महिमा को विशेष रूप से गाया गया। डीडी साहू ने कहा कि श्रीरामचरितमानस का शुभारंभ स्नान की महिमा से गोस्वामी तुलसीदास ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रयाग में मकर स्नान के बाद ऋषि भारद्वाज और याज्ञवल्क्य भगवान श्रीराम के विषय पर चर्चा करते है और इस प्रकार श्रीरामकथा की शुरुआत होती है। श्रीरामकुमार धीवर और किशोर गुरुजी ने अयोध्याकांड के केवट प्रसंग का सुंदर गायन कर श्रोताओं को भावविभोर किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद, किशोर साहू, राजकुमार धीवर ने किष्किंधा और सुंदरकांड को सुमधुर गायन करके हनुमानजी की महिमा सुनाई। विभीषण वार्ता, माता सीता का शोक, अशोक वाटिक में तोड़फोड़, अक्षय कुमार का वध, लंका दहन आदि प्रसंगों को सुंदर वर्णन किया। बाबूलाल साहू, पात्रो साहू ने लंका और उत्तर कांड पाठ करके भक्ति के लिए लोगों को प्रेरित किया। पुजारी पं. घनश्याम दास वैष्णव ने पाठ की स्थापना और उद्यापन की पूजा कराई, हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## थर्ड जेंडर डाली ने किया मतदान



**आरंग।** मंगलवार को लोकतंत्र के महापर्व को नगर में बड़े ही हर्षोल्लास से एक पर्व की तरह मनाया गया। समस्त नगर में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। आरंग नगर की एक मात्र थर्ड जेंडर व समाज सेविका डाली विश्वकर्मा ने मतदान कर देश के प्रति अपना फर्ज निभाते हुए लोगों को भी मतदान के लिए अपील की। उन्होंने बताया मतदान में वह कभी भी पीछे नहीं रहती।

## ग्रामीण मतदान केंद्रों का किया जा रहा निरीक्षण




**आरंग।** नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की व्यवस्था को अपडेट किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने कोसरंगी सेक्टर के अंतर्गत ग्राम देवरी एवं रानीसागर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए विद्युत व्यवस्था, लाइट पंखे, शौचालय की साफ-सफाई, भवन की पुताई एवं स्वच्छता के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए एवं कक्षा पांचवी एवं आठवीं परीक्षा के लिए मार्गदर्शन टिप्स भी दिए। ज्ञात हो कि सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए मतदान 17 फरवरी को है। इस दौरान समन्वयगण जितेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र चंद्रसेन, प्रधान पाठक तुलाराम पाल, नेमीचंद साहू एवं ग्राम सचिवगण की उपस्थिति रही।



## गुखेरा स्कूल में दिया शिक्षक ने न्योता भोज

**आरंग।** बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला गुखेरा के सहायक शिक्षक नोहर लाल यादव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक 120 विद्यार्थियों के लिए आंशिक न्योता भोज में खीर, पुड़ी और केला की व्यवस्था की और बच्चों ने मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त भोजन मंत्र के साथ भोग लगाते हुए गुरुजनों को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थी यश कुर्रे को भी जन्म दिवस की बधाई देते हुए लखनी भेंट दी एवं छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति का भी अवसर दिया गया। जिसमें प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव, सहायक शिक्षक रामनारायण कन्नौजे, विमला चौहान मध्यान्ह भोजन स्व सहायता समूह डिगेश्वरी यादव, बिसाहिन निषाद, सीमा यादव आदि की सहभागिता रही।

## निधन

### मोहन लाल साहू



**आरंग।** ग्राम बैहार निवासी 76 वर्षीय मोहन लाल साहू का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे राजिम बाई साहू के पति, विनोद कुमार, सत्यानंद व चेतन लाल साहू के पिता थे।

## विभागीय बजट का आकार तय करने 6 मंत्रियों के साथ वित्तमंत्री ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्तमंत्री के साथ बुधवार को छह मंत्रियों के विभागों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी में मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उनके विभाग के बजट और नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ने चर्चा के बाद बजट प्रस्तावों के आधार पर विभागीय बजट का आकार तय किया। बताया गया है कि नए बजट में सभी विभागों के बजट का आकार 5 से 10 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाएगा। वित्तीय प्रावधानों के आधार पर इसे आने वाले दिनों में अन्य विभागों के मंत्रियों के साथ बैठक कर तय किया जाएगा। बताया गया है कि पंचायत और ग्रामीण विकास के अलावा नक्सल क्षेत्रों में विकास के नए कार्य स्वीकृति को मंजूरी दिए जाने के संकेत चर्चा के दौरान दिए गए हैं।

फिलहाल सचिव स्तरीय बैठक के बाद अंतिम दौर में मंत्रियों से चर्चा का राज्य के बजट को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य किया जा रहा है।

# 30 हजार से अधिक राशन कार्ड का नहीं हुआ नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अब तक कार्डों का नवीनीकरण नहीं कराया है, वहीं इन कार्डों में 3 लाख से अधिक सदस्य भी हैं जिनके द्वारा अभी तक ई-केवाइसी भी नहीं कराया गया है। इस तरह जिले में नवीनीकरण और ईकेवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड धारकों के कार्ड अब मार्च से रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, क्योंकि नवीनीकरण व केवाईसी कराने की 31 मार्च अंतिम तारीख है। इसके बाद छूटे धारक अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाएंगे।

### कई बार बढ़ी तारीख, फिर भी नहीं करा रहे नवीनीकरण : केवाइसी

फर्जी राशन में होने वाली गड़बड़ी को रोकने और पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न मिल सके। इसके लिए भारत सरकार ने राशन कार्ड के सभी सदस्यों के ईकेवाइसी कराया जा रहा है। ईकेवाइसी के माध्यम से प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्य को राशन दुकान की बायोमेट्रिक सिस्टम में आधार कार्ड से कार्ड को जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उसका फिंगर भी स्कैन कराया जा रहा है ताकि सत्यापित हितग्राही सदस्यों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अभियान को शुरू हुए करीब दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक कार्ड सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराए हैं। इधर एक ओर जहां भारी संख्या में सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद कांग्रेश शासन काल के राशन कार्ड को रद्द कर नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के मुखिया को नवीनीकरण कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है, लेकिन जिले में अभी तक 30 हजार से अधिक कार्ड धारकों ने नवीनीकरण भी नहीं कराए हैं।



### अधिकारियों की बढ़ी परेशानी

नवीनीकरण और केवाइसी नहीं कराने वाले कार्ड धारक व सदस्यों के कारण अब खाद्य विभाग के अधिकारी भी परेशान है। शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही का राशन कार्ड रद्द नहीं हो। शासन की इस मंशा को देखते हुए विभाग भी छूटे हुए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराने का अवसर देते हुए अंतिम तारीख आगे बढ़ाने के लिए लगातार शासन को प्रस्ताव भेज आ रहा है। ये प्रस्ताव प्रदेश के कई जिलों से शासन को भेजे गए हैं। इसे देखते हुए शासन द्वारा भी नवीनीकरण की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन अब विभागीय अधिकारी तारीख बढ़ाने से परेशान होने लगे हैं, क्योंकि तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी छूटे कार्ड धारक न ही नवीनीकरण करा रहे है और न ही सदस्य केवाइसी करा रहे हैं।

## लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित लोकतांत्रिक अधिकार का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन के कारण लाखों मतदाताओं के प्रभावित होने और मताधिकारों से वंचित होने पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, चुनाव आयोग द्वारा परिसीमन का प्रचार प्रसार नहीं करने, मतदाता पर्ची वितरण नहीं करने, मतदाता सूचियों में त्रुटियां, सैकड़ों मतदाताओं के मतदान केंद्र, वार्ड बदलने के साथ ही कईयों के वोटिंग लिस्ट से नाम गायब थे। चुनाव आयोग के इस कुप्रबंधन के कारण लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं, जो सीधे सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जो लोकतंत्र की आधारशिला को कमजोर करता है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग कि यह जिम्मेदारी है कि निष्पक्ष और निर्भीक तरीक़े से मतदान कराने के लिए मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान केंद्र और मतगणना केंद्र तक चुनाव प्रक्रिया को सही तरीक़े से सम्पन्न कराए। नगरीय निकाय चुनाव में आयोग की बदइंतज़ामी स्पष्ट रूप से सामने आ गयी है। अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस मामले में परिसीमन कार्यवाही की निष्पक्ष जांच, मतदाता सूची में सुधार और मतदान से वंचित नागरिकों को पुनः मताधिकार के उपयोग करने देने की मांग सरकार से की है।

कांग्रेस के सात विधायक भी होंगे शामिल

# छत्तीसगढ़ के मंत्री विधायक आज महाकुंभ के लिए होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरकार के मंत्री, सांसद, भाजपा के विधायक और कांग्रेस के सात विधायक 13 फरवरी को महाकुंभ के लिए रवाना होंगे। बताया गया है कि गुरुवार को सुबह 8 बजे विशेष विमान से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे।

- सुबह 8 बजे उड़ान भरेगा विशेष विमान

खास बात ये है कि विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस कार्यक्रम की पहल की थी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को पत्र लिखकर उनके विधायकों साथ चलने का आग्रह किया था। डॉ. महंत इस दौरे पर नहीं जा रहे हैं, लेकिन उनके दल के सात विधायक शामिल हो रहे हैं। बताया गया है कि प्रयागराज के दौरे के लिए 180 सीटर विशेष विमान की व्यवस्था की गई है। इस पूरे कार्यक्रम के लिए समन्वय डॉ. रमन सिंह कर रहे हैं। बताया गया है कि महाकुंभ जाने वाले नेताओं के परिवार के एक सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है। इस कार्यक्रम को लेकर सियासी बातें भी सामने आई हैं। हालांकि इस दौरे से पहले ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की मुख्यमंत्री श्री साय से बात हुई थी, इस चर्चा में ही डॉ. महंत ने साफ किया था कि वे इस आयोजन में शामिल नहीं होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के जो विधायक जाना चाहें, वे जा सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस के सात विधायक महाकुंभ में जाने के लिए तैयार हुए हैं। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह और बालेश्वर साहू ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि वे महाकुंभ में जाने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को रवाना होंगे। दोनों विधायकों ने कहा कि पार्टी की ओर से कहा गया है कि जो विधायक जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं।

### अपने पैसे से जाना चाहिए: भूपेश



महाकुंभ में शामिल होने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कुंभ में अपनी श्रद्धा से जाना चाहिये। दान भी देना है तो अपने जेब से देना चाहिये। धर्म-कर्म करने जाना चाहिये तो अपने पैसे से जाना चाहिये। आज तो रविदास जयंती है, उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। पहले मन को साफ रखना तभी पुण्य मिलेगा। मन साफ नहीं है, तो कुछ भी कर लें कुछ लाभ नहीं मिलेगा। वहां अव्यवस्था है, जिनको व्यवस्था करना है, वे लोग महाकुंभ में अपने आप को प्रचारित करने बार-बार दौरा कर रहे हैं।

### सनातन में आस्था रखने वाले जाएंगे कुंभ : साव



कुंभ स्नान को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि जो भी सनातन पर आस्था रखते हैं, जिनकी इच्छा होगी वो जरूर महाकुंभ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कुंभ स्नान के लिए जाने की योजना बनाई है। छत्तीसगढ़ के सभी विधायक-सांसद संयुक्त रूप से स्नान के लिए महाकुंभ जाएंगे।

कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा) गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

// सार्वजनिक सूचना //

(नियम 6 देखिये)

क्रमांक / क-739 / विवाह अधि. / 2025

गरियाबंद, दिनांक 05/02/2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानचंद कुर्रे पिता छत्तू प्रसाद कुर्रे जाति सतनामी निवासी मकान नंबर 280 ट्रान्सपोर्ट नगर नवागढ़ सेमरा जिला- जांजगीर-चांपा, उम्र 32 वर्ष (वर) एवं आवेदिका तेसू पटेल पिता रमेश पटेल जाति मरार निवासी बजरंग चौक वार्ड नंबर 17 ग्राम तर्रा पोस्ट सुरसाबांधा राजिम जिला - गरियाबंद (छ.ग.) उम्र 32 वर्ष (वधु) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के अधीन अपने विवाह के लिए सूचना प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 05/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2025 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी,
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**वोटर लिस्ट इधर-उधर, हर बूथ से 25 से 30 बिना वोट डाले लौटे घर**

# मतदान की स्थिति पर नेताओं के बोल-निगम के इतिहास में वोटिंग लिस्ट की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी

## निगम के पूर्व सभापति ने कहा- निर्वाचन आयोग ने नान प्रेक्टिकल काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में हुये निकाय चुनाव में इस बार 49.58 फीसदी मतदान हुआ, जो पिछली बार के चुनाव से 6 फीसदी कम है। कहीं-कहीं मतदाताओं को मतदान केन्द्र ढूंढने में दिक्कत आई, तो कहीं वोटर लिस्ट दुरुस्त नहीं होने से मतदाता भटकते रहे। गुढ़ियारी के महावीर नगर स्कूल का मतदान केन्द्र मतदान से एक दिन पहले डेढ़ किलोमीटर दूर बना दिया गया, जिसकी जानकारी कई मतदाताओं को नहीं मिल पाई। हरिभूमि ने भाजपा और कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ पार्षद और पदाधिकारियों से बातचीत की, जिसका सार इस तरह से है : -

### वोटिंग लिस्ट की दुर्दशा



रमण मंदिर वार्ड के भाजपा प्रत्याशी और नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने दो टूक शब्दों में कहा, रायपुर नगर निगम के इतिहास में वोटिंग लिस्ट की ऐसी दुर्दशा मैंने कभी नहीं देखी। जो मतदाता विधानसभा चुनाव में वोट डालते आये, निगम चुनाव में उनके नाम गायब हैं। 60 से 70 वोटर के साथ यही स्थिति रही। मेरे वार्ड के मतदाता का नाम वार्ड परिसीमन में नजदीक के राजीव गांधी वार्ड में जाने की जगह हेमू कालाणी वार्ड में चला गया। ऐसा लगता है कि वोटर लिस्ट दुरुस्त नहीं कर पाए। इसलिए मतदान की बुरी स्थिति रही। आनन-फानन में मतदाताओं को नया क्षेत्र ढूंढने भटकना पड़ा।

### पर्ची लेकर भटकते रहे लोग



मीनल चौबे ने कहा - निगम चुनाव को लेकर निर्वाचन वालों ने आधी अधूरी तैयारी की, जिसका खामियाजा कई क्षेत्रों में मतदाताओं को भुगतना पड़ा। जनता अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहती थी, पर दुखद बात ये रही कि उनके नाम वोटर लिस्ट में नहीं थे। विधानसभा चुनाव में जिन लोगों ने मतदान किया, उनके नाम सिस्टम में नाम अपडेट में बता रहे थे। मतदान के दिन ऐसे भुक्तभोगी मतदाता पर्ची लेकर वोट डालने भटकते रहे, यह बड़ी दुखद स्थिति रही। चौबे कालोनी, रायपुरा में मैंने यह स्थिति देखी है। शहर में वोटिंग प्रतिशत कम पड़ने का एक बड़ा कारण ये भी है।

### मतदान केन्द्र ढूंढने में आई दिक्कत



पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा- इस बार शहर के कुछ वार्डों में मतदाताओं के मतदान केन्द्र बदले जाने से वोटरों को मतदान केन्द्र ढूंढने में खासी दिक्कत आई। पहले के निगम चुनाव में शहर के बड़े सरकारी स्कूल को मतदान केन्द्र बनाया जाता था। इस बार वार्डों में छोटे-छोटे सामुदायिक भवन को भी मतदान केन्द्र बना दिया गया। जिसकी जानकारी लोगों को नहीं थी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पहले मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर मतदान की पर्ची बटती थी, इस बार ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश नहीं था।

**इन्होंने ये कहा**

### चुनाव के नाम मजाक



पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने कहा, वातानुकूलित कक्ष में बैठकर भाजपा के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने नान प्रेक्टिकल काम किया है। गुढ़ियारी के महावीर स्कूल के मतदान केन्द्र को वोटिंग के एक दिन पहले डेढ़ किलोमीटर दूर भेज दिया। इस बारे में किसी को पता ही नहीं चला। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के 950 वोटर को सिविल लाइन वार्ड में जोड़ दिया गया। वोटिंग के दिन 300 से ज्यादा मशीन डेमेज रही, इससे डेढ़ घंटे तक मतदान प्रभावित हुआ। शहर में चुनाव के नाम पर मजाक हुआ है। 2 माह पहले डिप्टी सीएम ने कहा था बैलेट से चुनाव करायेंगे, पर आनन-फानन में ईव्हीएम मशीन से मतदान करा दिया। बिना तैयारी और बिना प्रशिक्षण दिये।

### भटक गए मतदाता : बंटी होरा



शहीद हेमू कालाणी वार्ड के मतदाता का नाम डेढ़ किलोमीटर दूर गुरूगोविंद सिंह वार्ड में डाल दिये गये। इस चक्कर में वोटर भटकते रहे। राजीव गांधी वार्ड के 35 वोटर का नाम शहीद हेमूकालाणी वार्ड में दे दिया गया, जबकि परिसीमन में ये हमारे वार्ड में नहीं थे। इसीलिए मतदाता भटकते रहे। पंजवानी फैमिली के सदस्य का वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिल रहा था। एप से पता चला कि एक सदस्य का नाम हमारे वार्ड में बाकी के 4 सदस्य का नाम गुरु गोविंद सिंह वार्ड में है।

### जल्दबाजी में अव्यवस्थित चुनाव



पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा- शहर में जल्दबाजी में अव्यवस्थित रूप से चुनाव हुआ है। पर्ची तक नहीं बट पाई, जो पर्ची लोगों तक पहुंची, उसमें भी गलती थी। इस वजह से भी कई लोग वोट डालने नहीं गये। ऐसा भी हुआ कि किसी परिवार में 5 सदस्य हैं, तो संबंधित वार्ड में 4 का नाम वोटर लिस्ट में है, एक का दूसरे वार्ड में। परिसीमन राजनीतिक एंगल से किया गया है। लिस्ट के बाद सर्वे करने और स्टडी करने का समय नहीं मिला।

### निगम वाले परिसीमन के समय फील्ड में नहीं गए



शहर जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश सिंह ठाकुर ने कहा- चुनाव में मतदाताओं को परेशानी हुई है। नगर निगम वाले वार्ड परिसीमन के समय फील्ड में नहीं गये। घर में बैठकर ही परिसीमन कर दिया, जिसका खामियाजा शहर के मतदाताओं को भुगतना पड़ा है। अब क्या कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव कराने पर्याप्त समय मिला है, हड़बड़ी में चुनाव नहीं हुआ।

### पर्ची नहीं बंटी, समय कम मिला



पूर्व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने बताया कि, शहर में इस बार वोटरों की पर्ची नहीं बट पाई, समय भी कम मिला। परिसीमन में सबसे बड़ी खामी निगम के अधिकारियों ने की बस्ती के बीचों बीच 10 मतदाता का नाम दूसरे वार्ड में डाल दिया। लापरवाही पूर्वक परिसीमन किया गया है। वास्तविक परिसीमन नहीं हुआ।

### मतदान केन्द्र में उलटफेर से दिक्कत



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा-चुनाव आयोग ने मतदान पूर्व शहर के मतदान केन्द्रों में उलटफेर कर दिया। इससे परेशान मतदाता बूथ में मतदान करने नहीं गये। ईव्हीएम मशीन के लिए मेनपावर की कमी रही। नौसीखिये को नोडल अफसर बना दिये, पूछताछ कर सिस्टम को ठीक करने की व्यवस्था नहीं बनी।

### हर बूथ से 25 से 30 वोटर वापस गए



पूर्व एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने कहा है, वोटर लिस्ट इधर-उधर होने से इस बार हर बूथ से 25 से 30 वोटर बिना मतदान किये वापस गये। संजय नगर के वोटर मेरे वार्ड में आये एप नहीं था, इसलिए वे परेशान रहे। दूसरी दिक्कत परिसीमन एरिया कम हुआ, पर नक्शे में वोटर नहीं काटे गये।

## सरकारी पर्ची बंटी नहीं, परिसीमन से वार्ड-मतदान केंद्र बदले जिसकी वोटरों को नहीं दी गई जानकारी, इसलिए कम वोटिंग

### शहर में वोटिंग का प्रतिशत कम, हरिभूमि ने मतदाताओं से बातचीत कर जाना कारण



रायपुर नगर निगम चुनाव में इस बार वोटिंग का परसेंट कम होने के पीछे दो बड़ी वजह है। चुनाव के पूर्व मतदाताओं के घर-घर बीएलओ के माध्यम से जो सरकारी मतदाता पर्ची बांटी जाती है, वह बांटी नहीं गई और दूसरा कारण वार्डों का परिसीमन होने के बाद वार्ड और मतदान केंद्र जिन मतदाताओं के बदल गए इसकी उन्हें जानकारी नहीं दी गई। इन्हीं दो कारण से चुनाव के दौरान शहरभर के मतदान केंद्रों में मतदाताओं को अपना मतदान केंद्र ढूंढने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं सैकड़ों-हजारों की संख्या में मतदाताओं को वोट किए बगैर लौटना पड़ा। इस तरह इन दो कारण से इस बार वोटिंग का परसेंट भी कम हो गया है। हरिभूमि ने बुधवार को रायपुर निगम में वोटिंग का परसेंट कम होने तथा वार्ड एवं मतदान केंद्र बदलने के कारण मतदाताओं को वोट करने में हुई परेशानी या नहीं कर पाए, ऐसे कई मतदाताओं से बातचीत भी की। सभी मतदाताओं ने यही कहा कि इस बार चुनाव की व्यवस्था अच्छी नहीं थी, जिसका असर वोटिंग पर पड़ा है।

### सरकारी डिपार्टमेंट के मतदाता भी हुए परेशान

जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ कई सरकारी मतदाता भी मतदान केंद्र बदल जाने के कारण वोट नहीं कर पाए। ऐसे ही कुछ विभागों के कुछ कर्मचारी मतदाताओं ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि चुनाव में इस बार अव्यवस्था थी, जिसके कारण उनके साथ उनके परिजनों को भी वोट करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक कर्मचारी ने बताया कि उसके माता-पिता महादेव घाट के पास निवास करते हैं और हमेशा इसी वार्ड में मतदान करते आए हैं, लेकिन इस चुनाव में मतदान करने उन्हें टाटीबंद क्षेत्र में जाना पड़ा।

**केस 1**



माधवराम सप्रे वार्ड क्रमांक 69 की रहने वाली मतदाता भूमि वनवासी ने बताया कि उनका अक्टूबर 2024 में मतदाता सूची में नाम जुड़ा है। नाम जुड़ने के बाद वह उत्साहित थी कि नगर निगम चुनाव में वह भी अब वोट कर पाएंगी, लेकिन जब वह अपने माता-पिता के साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचीं, तो पता चला कि उसके माता-पिता के नाम तो मतदाता सूची में हैं, लेकिन उसका नाम संत रविदास वार्ड क्रमांक-70 की मतदाता सूची में शामिल कर दिया गया है। इस कारण से वह निराश हो गई और मतदान कर नहीं पाई।

**केस 2**



स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड क्रमांक-44 के मतदाता मोहम्मद अयान ने बताया कि वह भी पहली बार चुनाव में मतदान करने सप्रे स्कूल मतदान केंद्र पहुंचा था। उसके साथ उसके माता-पिता भी थे, लेकिन उसकी माता के अलावा मतदाता सूची में उसका और उसके पिता का नाम नहीं मिला, जिसके कारण वे दोनों वोट कर नहीं पाए। अयान ने बताया कि मतदान करने के लिए वह काफी उत्साहित था, लेकिन जब मतदान केंद्र में मौजूद पार्टी के लोगों से ऑनलाइन चेक कराया, तो पता चला कि उसका नाम सिविल लाइन वार्ड क्रमांक-46 की सूची में है।

**केस 3**



सिंचाई कालोनी निवासी बलराम निषाद ने बताया कि वह पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक-34 का निवासी है, जो परिसीमन के बाद वार्ड 46 हो गया है। विधानसभा और लोकसभा में वह और उसके परिवार के सभी वोटर पहले सिविल लाइन मतदान केंद्र में वोट करते थे, लेकिन मतदान केंद्र पहुंचे तो उन्हें पर्ची निकालकर बताया गया कि उन्हें वोट करने राजातालाब मतदान केंद्र जाना होगा। इसके बाद सभी राजातालाब स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किए। मतदान केंद्र बदलने के कारण उन्हें करीब एक घंटे परेशान होना पड़ा।

**केस 1**



मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक-59 के मतदाता विष्णु व्यवहार ने बताया कि उनके वार्ड अंतर्गत पैराडाइज होम, ओम कालोनी, आकृति होम, दावड़ा सहित अन्य कालोनियों के करीब 272 मतदाताओं के नाम परिसीमन के बाद रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड-55 की मतदाता सूची में शामिल कर दिए गए हैं। इन मतदाताओं को मतदान केंद्र जाने के बाद इसकी जानकारी हुई, जिसके कारण ज्यादातर मतदाता परेशान होकर बगैर वोट किए लौट आए।

---

**खबर संक्षेप**



### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभांरभ

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार कई जगहों पर किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 8 मार्च तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बेबीलोन टॉवर रायुपर, टाटीबंध, नया रायपुर और बलौदाबाजार में एक साथ किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में शिक्षक और अन्य लोग शामिल होंगे।

### इतवारी एक्सप्रेस आज रहेगी रद्द

**रायपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के ए-केबिन में 11 से 14 फरवरी तक प्री एनआई और एनआई का कार्य होगा। जिस कारण रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली कुछ पैसेंजर रद्द रहेगी। जिसमें टाटानगर, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 13 से 14 फरवरी तक रद्द रहेगी।

# 30 हजार से अधिक राशन कार्ड का नहीं हुआ नवीनीकरण इनमें 3 लाख से अधिक सदस्यों का केवाइसी भी नहीं, होंगे रद्द

## 31 मार्च के बाद नहीं होगा नवीनीकरण-ईकेवाइसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर जिले में 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अब तक कार्डों का नवीनीकरण नहीं कराया है, वहीं इन कार्डों में 3 लाख से अधिक सदस्य भी हैं जिनके द्वारा अभी तक ई-केवाइसी भी नहीं कराया गया है। इस तरह जिले में नवीनीकरण और ईकेवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड धारकों के कार्ड अब मार्च से रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, क्योंकि नवीनीकरण व केवाईसी कराने की 31 मार्च अंतिम तारीख है। इसके बाद छूटे धारक अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाएंगे।

### कई बार बढ़ी तारीख, फिर भी नहीं करा रहे नवीनीकरण : केवाइसी

फर्जी राशन में होने वाली गड़बड़ी को रोकने और पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न मिल सके। इसके लिए भारत सरकार ने राशन कार्ड के सभी सदस्यों के ईकेवाइसी कराया जा रहा है। ईकेवाइसी के माध्यम से प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्य को राशन दुकान की बायोमेट्रिक सिस्टम में आधार कार्ड से कार्ड को जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उसका फिंगर भी स्कैन कराया जा रहा है ताकि सत्यापित हितग्राही सदस्यों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अभियान को शुरू हुए करीब दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक कार्ड सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराए हैं। इधर एक ओर जहां भारी संख्या में सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद कांग्रेश शासन काल के राशन कार्ड को रद्द कर नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के मुखिया को नवीनीकरण कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है, लेकिन जिले में अभी तक 30 हजार से अधिक कार्ड धारकों ने नवीनीकरण भी नहीं कराए हैं।

### अधिकारियों की बढ़ी परेशानी

नवीनीकरण और केवाइसी नहीं कराने वाले कार्ड धारक व सदस्यों के कारण अब खाद्य विभाग के अधिकारी भी परेशान है। शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही का राशन कार्ड रद्द नहीं हो। शासन की इस मंशा को देखते हुए विभाग भी छूटे हुए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराने का अवसर देते हुए अंतिम तारीख आगे बढ़ाने के लिए लगातार शासन को प्रस्ताव भेज आ रहा है। ये प्रस्ताव प्रदेश के कई जिलों से शासन को भेजे गए हैं। इसे देखते हुए शासन द्वारा भी नवीनीकरण की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन अब विभागीय अधिकारी तारीख बढ़ाने से परेशान होने लगे हैं, क्योंकि तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी छूटे कार्ड धारक न ही नवीनीकरण करा रहे है और न ही सदस्य केवाइसी करा रहे हैं।

### नाम काटे जा रहे

जिले में अब तक नवीनीकरण नहीं करा पाए कार्ड को रद्द करने की कार्यवाही शुरू नहीं की गई है, लेकिन सदस्यों के नाम काटने की कार्यवाही जारी है। विभाग ने केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का पता लगाने के लिए सभी राशन दुकान संचालकों को निर्देश दिए हुए है। इस निर्देश के तहत राशन दुकान के संचालक मृत्यु हो चुकी या दूसरे जिले या राज्य में जाकर बस चुके सदस्यों के नाम की पहचान कर इसकी जानकारी विभाग को दी जा रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर विभाग अब ऐसे सदस्यों के नाम कार्ड से काटने की कार्यवाही कर रहा है। जिले में अब तक ऐसे सैकड़ों सदस्यों के नाम काटे भी गए हैं।

# विभागीय बजट का आकार तय करने 6 मंत्रियों के साथ वित्तमंत्री ने किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्तमंत्री के साथ बुधवार को छह मंत्रियों के विभागों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी में मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उनके विभाग के बजट और नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

- शेष मंत्रियों से चर्चा के बाद तय होगा राज्य का नया बजट

वित्तमंत्री ने चर्चा के बाद बजट प्रस्तावों के आधार पर विभागीय बजट का आकार तय किया। बताया गया है कि नए बजट में सभी विभागों के बजट का आकार 5 से 10 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाएगा। वित्तीय प्रावधानों के आधार पर इसे आने वाले दिनों में अन्य विभागों के मंत्रियों के साथ बैठक कर तय किया जाएगा। बताया गया है कि पंचायत और ग्रामीण विकास के अलावा नक्सल क्षेत्रों में विकास के नए कार्य स्वीकृति को मंजूरी दिए जाने के संकेत चर्चा के दौरान दिए गए हैं। फिलहाल सचिव स्तरीय बैठक के बाद अंतिम दौर में मंत्रियों से चर्चा का राज्य के बजट को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बजअ सत्र आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। अनुमान है कि माह के अंत में राज्य का नया बजट वर्ष 2025-26 पेश किया जाएगा।

**कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा) गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**
**// सार्वजनिक सूचना //**
(नियम 6 देखिये)
क्रमांक / क-739 / विवाह अधि. / 2025
गरियाबंद, दिनांक 05/02/2025
सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानचंद कुर्रे पिता छत्तू प्रसाद कुर्रे जाति सतनामी निवासी मकान नंबर 280 ट्रान्सपोर्ट नगर नवागढ़ सेमरा जिला- जांजगीर-चांपा, उम्र 32 वर्ष (वर) एवं आवेदिका तेसू पटेल पिता रमेश पटेल जाति मरार निवासी बजरंग चौक वार्ड नंबर 17 ग्राम तर्रा पोस्ट सुरसाबांधा राजिम जिला - गरियाबंद (छ.ग.) उम्र 32 वर्ष (वधु) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के अधीन अपने विवाह के लिए सूचना प्रस्तुत किया है।
प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 05/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।
आज दिनांक 05/02/2025 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
विवाह अधिकारी,
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

# लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित लोकतांत्रिक अधिकार का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन के कारण लाखों मतदाताओं के प्रभावित होने और मताधिकारों से वंचित होने पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, चुनाव आयोग द्वारा परिसीमन का प्रचार प्रसार नहीं करने, मतदाता पर्ची वितरण नहीं करने, मतदाता सूचियों में त्रुटियां, सैकड़ों मतदाताओं के मतदान केंद्र, वार्ड बदलने के साथ ही कईयों के वोटिंग लिस्ट से नाम गायब थे। चुनाव आयोग के इस कुप्रबंधन के कारण लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं, जो सीधे सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जो लोकतंत्र की आधारशिला को कमजोर करता है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग कि यह जिम्मेदारी है कि निष्पक्ष और निर्भीक तरीक़े से मतदान कराने के लिए मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान केंद्र और मतगणना केंद्र तक चुनाव प्रक्रिया को सही तरीक़े से सम्पन्न कराए। नगरीय निकाय चुनाव में आयोग की बदइंतज़ामी स्पष्ट रूप से सामने आ गयी है। अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस मामले में परिसीमन कार्यवाही की निष्पक्ष जांच, मतदाता सूची में सुधार और मतदान से वंचित नागरिकों को पुनः मताधिकार के उपयोग करने देने की मांग सरकार से की है।

**कांग्रेस के सात विधायक भी होंगे शामिल**

# छत्तीसगढ़ के मंत्री विधायक आज महाकुंभ के लिए होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरकार के मंत्री, सांसद, भाजपा के विधायक और कांग्रेस के सात विधायक 13 फरवरी को महाकुंभ के लिए रवाना होंगे। बताया गया है कि गुरुवार को सुबह 8 बजे विशेष विमान से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे।

- सुबह 8 बजे उड़ान भरेगा विशेष विमान

खास बात ये है कि विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस कार्यक्रम की पहल की थी। कांग्रेस के सात विधायक शामिल हो रहे हैं। बताया गया है कि प्रयागराज के दौरे के लिए 180 सीटर विशेष विमान की व्यवस्था की गई है। इस पूरे कार्यक्रम के लिए समन्वय डॉ. रमन सिंह कर रहे हैं। बताया गया है कि महाकुंभ जाने वाले नेताओं के परिवार के एक सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है। इस कार्यक्रम को लेकर सियासी बातें भी सामने आई हैं। हालांकि इस दौरे से पहले ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की मुख्यमंत्री श्री साय से बात हुई थी, इस चर्चा में ही डॉ. महंत ने कहा था कि कांग्रेस के जो विधायक जाना चाहें, वे जा सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस के सात विधायक महाकुंभ में जाने के लिए तैयार हुए हैं। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह और बालेश्वर साहू ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि वे महाकुंभ में जाने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को रवाना होंगे। दोनों विधायकों ने कहा कि पार्टी की ओर से कहा गया है कि जो विधायक जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। इस पर किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई है।

### अपने पैसे से जाना चाहिए : भूपेश



महाकुंभ में शामिल होने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कुंभ में अपनी श्रद्धा से जाना चाहिये। दान भी देना है तो अपने जेब से देना चाहिये। धर्म-कर्म करने जाना चाहिये तो अपने पैसे से जाना चाहिये। आज तो रविदास जयंती है, उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। पहले मन को साफ रखना तभी पुण्य मिलेगा। मन साफ नहीं है, तो कुछ भी कर लें कुछ लाभ नहीं मिलेगा। वहां अव्यवस्था है, जिनको व्यवस्था करना है, वे लोग महाकुंभ में अपने आप को प्रचारित करने बार-बार दौरा कर रहे हैं। शासन का काम है व्यवस्था बनाना दर्शनार्थियों के लिये।

### सनातन में आस्था रखने वाले जाएंगे कुंभ : साव



कुंभ स्नान को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि जो भी सनातन पर आस्था रखते हैं, जिनकी इच्छा होगी वो जरूर महाकुंभ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कुंभ स्नान के लिए जाने की योजना बनाई है। छत्तीसगढ़ के सभी विधायक-सांसद संयुक्त रूप से स्नान के लिए महाकुंभ जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### मतदान के दूसरे दिन सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**रायपुर।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव ड्यूटी के कारण कई कर्मचारी बुधवार को ड्यूटी पर सुबह समय पर पहुंच नहीं पाए, वहीं कई कर्मचारी थकान मिटाने के लिए छुट्टी पर भी रहे। यह स्थिति तहसील कार्यालय में भी देखने को मिली। रायपुर नगर निगम सहित पांच नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई है। इसके लिए प्रशासन ने स्कूल विभाग से लेकर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई थी। मतदान दल कर्मी वोटिंग से एक दिन पहले ही चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए थे, जो रातभर मतदान केंद्रों में ठहरने के बाद दूसरे दिन मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए मतदान कराया। वोटिंग के बाद सभी मतदान दल देर रात तक सेजबहार लौटते रहे और ईवीएम मशीनों को जमा कराया। इस तरह दो दिन तक मतदान कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। इससे कई कर्मचारी अपनी थकान मिटाने के लिए अवकाश पर रहे, वहीं कर्मचारी विलंब से पहुंचे।

### ब्रेकअप करने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में गोंदवारा निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ ब्रेकअप करने की बात से नाराज होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 31 वर्षीय महिला ने गौरव सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गौरव के साथ उसका पूर्व में प्रेम प्रसंग था। पांच महीने से बातचीत बंद होने से नाराज गौरव महिला के घर पहुंचा और उससे बातचीत नहीं करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

## निधन

### रजनी तिवारी



**रायपुर।** शताब्दी नगर, ए- 4 निवासी रजनी तिवारी (70) का 12 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे एसके तिवारी की पत्नी एवं अधिवक्ता अजय बाजपेयी की बड़ी बहन, शिल्पा शुक्ला की माता और महेश शुक्ला की सास थीं।

### सम्पतलाल कोठारी



**रायपुर।** शंकरनगर निवासी समाजसेवी संपतलाल कोठारी का 12 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे तीर्थ के ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी के बड़े भाई और जैन मंदिर शंकरनगर के अग्रणी श्रावक थे।

# मतदान पूरा होने के बाद अब सफाई और राजस्व वसूली पर निगम का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली बैठक

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निगम प्रशासन शहर की सफाई और बकाया राजस्व वसूली पर ध्यान केन्द्रित करेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को गांधी सदन में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने देश व्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के कार्य और आवश्यक तैयारियों में जुट जाने के लिए निर्देश भी दिये।

## बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली तेज करने निर्देश




### ये रहे उपस्थित

गांधी सदन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, विनोद पांडेय, पंकज शर्मा, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, बद्री चंद्राकर, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जसदेव सिंह बाबरा , स्वास्थ अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, राजस्व अधिकारी छीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, योगेश कडू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरा होने पर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक दायित्व अच्छी तरह से निर्वहन करने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दस जोन के सभी बड़े बकायादारों से शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली उन्हें जारी किये डिमांड बिल के अनुरूप करने की हिदायत दी। खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने पर जुर्माना की कार्यवाही कर संबंधित भूखंड धारकों को नोटिस देकर ग्रीन नेट लगवाने की व्यवस्था करवाने निर्देशित किया।

## मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही

# केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा- इन्कम टैक्स में कटौती का छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को होगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ का निवेश

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बुधवार को मोदी सरकार के केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी देने रायपुर आए। छत्तीसगढ़ को होने वाले फायदों को एक-एक कर गिनाया। उन्होंने बताया कि एक तरफ इंकम टैक्स में कटौती से प्रदेश के 12 लाख लोगों को सीधा फायदा होगा। वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्म लोन देने के साथ कौशल विकास योजना से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, प्रधानमंत्री की सोच है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। भारत में मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, इसके साथ बजट का सरलीकरण हो रहा है, जिसे कल हम लोकसभा में पेश करेंगे। उन्होंने कहा, युवा का समर्थ बढ़ाने के लिए हमारे देश में आज तक रिसर्च के लिए बहुत कम ध्यान दिया गया। रिसर्च माइंडसेट डेवलप करने के लिए काम कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा बल दे रहे हैं। स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है। ये सब देखने के लिए स्टार्टअप 10 हजार करोड़ रुपए का हमने प्रावधान किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ इन्वेस्ट किया है। 2014 से पहले यह बहुत कम था।

### मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के सपनों को किया साकार



उन्होंने कहा, इंकम टैक्स के साथ-साथ अन्य स्लैब भी हमने बहुत कम किया है। 12 लाख के साथ-साथ 18 लाख रुपए की इंकम वालों का भी 17 हजार रुपए कम हो रहा है। एक समय था, जब एक मिडिल क्लास परिवार के लिए डॉक्टर बनना संभव ही नहीं था। हमने पिछले पांच सालों में मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के परिवार के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।

### अजा और अजजा महिलाओं के लिए टर्मलोन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्मलोन की तैयारी की है। बिजनेस शुरू करने के लिए पांच लाख महिलाओं को 2 करोड़ का टर्मलोन दिया जाएगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। किसान क्रेडिट कार्ड को 3 से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है।

### छग में 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की संभावना है, जिसका आदिवासियों को सीधा लाभ मिलने वाला है। आदिवासी क्षेत्रों के लिए बुनियादी ढांचों के लिए तैयारी की गई है, इससे सभी आदिवासियों को बड़ा फायदा होने वाला है। अमृतकाल को ध्यान में रखते हुए 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बजट तैयार किया है।

### हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा

उन्होंने कहा, रेलवे को 2025-26 में 6 हजार 925 करोड़ से अधिक दिया गया है। रेलवे के आधुनिकरण और विकास के लिए यह महत्वपूर्ण रहने वाला है। पर्यटन क्षेत्र में पचास हजार रोजगार देने का बजट तैयार किया है। जिससे हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए योजना तैयार की गई है।

### रिसर्च के लिए हजारों करोड़ निवेश

प्राइवेट सेक्टर में रिसर्च का जिक्र करते हुए श्री जोशी ने कहा, प्राइवेट सेक्टर में 20 हजार करोड़ और साइंटिफिक सेक्टर में रिसर्च के लिए 10 हजार करोड़ इन्वेस्ट किया है। हम बहुत बड़ा फंड तैयार कर रहे हैं। मेडिकल फील्ड के लिए कई वायरस जैसे कोविड व अन्य पर रिसर्च के लिए बड़ा फंड जारी किया है।

### इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने बड़ी राशि निवेश

उन्होंने कहा, फूड डिलीवरी वालों के लिए स्वास्थ बीमा देने का काम किया है। सामान्य आदमी सोचता है, पैसा नहीं है, स्टार्टअप नहीं करेंगे, ऐसी नौबत नहीं आनी चाहिए, इसके लिए भी हमने तैयारी की है। इंडियन लेदर को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इंडियन इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने के लिए 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है।

# जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के दफ्तर में आईटी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वित्तीय अनियमितता के आरोप में सर्वे की कार्रवाई

राज्य में 108 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने वाली जय अंबे एजेंसी के कार्यालय में आयकर के आधा दर्जन से ज्यादा अफसरों ने दबिश दी है। आईटी अफसर वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिलने पर जय अंबे में सर्वे करने बुधवार दोपहर को पहुंचे थे, जहां अफसरों ने छह घंटे से ज्यादा समय तक 108 सर्विस प्रोवाइडर के संस्थान में दस्तावेजों की पड़ताल की है।

आईटी अफसरों की टीम अवंति विहार स्थित जय अंबे के ऑफिस में जांच करने पहुंची थी। 108 सर्विस प्रोवाइडर के यहां सर्वे करने पहुंची आईटी की टीम ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही कंम्प्यूटर, लैपटॉप की जांच की। सूत्रों के मुताबिक कई दस्तावेजों को आईटी की टीम जांच करने अपने साथ लेकर गई है। सूत्रों के मुताबिक बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जांच करने टीम पहुंची है। आयकर विभाग कार्रवाई के दौरान सभी संदिग्ध लेन-देन और संपत्तियों की बारीकी से जांच कर रहा है।




### खर्च बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था

आईटी की टीम ने प्रारंभिक पड़ताल में पाया है कि कंपनी ने अपनी स्थापना लागत और खर्चों को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, जो कर देनदारी से बचने के लिए फर्जी बिलिंग के तौर पर उपयोग किया जा रहा था। आश्चर्यजनक रूप से कंपनी किराए की बिल्डिंग में संचालित होने के बावजूद असामान्य रूप से ऊंचे खर्च दर्शा रही थी।

### कई कंपनियों में डायरेक्टर

जांच में पता चला है कि कंपनी के डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह कई कंपनियों में निदेशक के रूप में जुड़े हैं, जिनमें मां मदवारानी कोल बेनेफिशिएशन प्राइवेट लिमिटेड, फेसिक फोर्जिंग प्राइवेट लिमिटेड, अरंश प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, किंग रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, प्रगति ट्रांसमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसी तरह एक अन्य डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह अचकन्न क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, डिलिजेंस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और डिलिजेंस हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन से जुड़े हुए हैं।

# बीमारी से तंग आकर अकाउंटेट ने बेबीलॉन टावर की सातवीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खुदकुशी करने के कुछ देर पहले मृतक ने अपनी पत्नी से बात की थी
- युवक पूर्व में बेबीलॉन टॉवर में अकाउंटेट का काम करता था

नौकरी छूटने तथा बीमारी से तंग आकर मूलतः मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी पेशे से अकाउंटेट ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित बेबीलॉन टॉवर की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। मृतक ने जिस होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है, वह वहां पूर्व में अकाउंटेट की नौकरी करता था। नौकरी छूटने के बाद वह कचना स्थित किसी अन्य होटल में अकाउंटेट की नौकरी कर रहा था, जहां उसकी सैलेरी कम थी। इस वजह से मृतक अपना परिवार चलाने के साथ अपनी बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। मृतक किडनी की बीमारी से परेशान था।

लोधीपारा में किराए के मकान में रहने वाले विजय बसोने ने होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है। विजय विवाहित था, उसकी एक डेढ़ साल की बेटी है। विजय रायपुर में अपनी पत्नी, बेटी तथा पिता के साथ रह रहा था। पुलिस के अनुसार विजय अपनी बीमारी का इलाज कराने तथा परिवार चलाने पार्ट टाइम जॉब की तलाश कर रहा था। पार्ट टाइम जॉब नहीं मिलने से वह परेशान था। इसीलिए विजय की पुलिस ने खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की है। होटल कर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक बगैर किसी को बताए विजय होटल के अंदर दाखिल हो गया और सातवीं मंजिल में पहुंच गया। वहां वह कुछ देर टहलने के बाद अचानक रेलिंग से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।



### पत्नी से कहा इलाज कराने जा रहा हूं

विजय सुबह अपनी पत्नी को तबीयत खराब होने की बात कह कर बगैर नाश्ता किए घर से निकल गया। दोपहर तक विजय घर नहीं पहुंचा, तो विजय के पास उसकी पत्नी ने कॉल किया और अपने पति का हाल-चाल पूछते हुए इलाज कराने के बारे में जानकारी ली। इस पर विजय ने घर आने के बाद बात करने की बात कह कर मोबाइल कट कर दिया। मोबाइल कट करने के कुछ देर बाद विजय ने खुदकुशी कर ली। विजय की पत्नी घर में टेलरिंग का काम करती है।


# इस बार फरवरी में ही कम हो गई ठंड, सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा तापमान के साथ बीती राजधानी में रातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पश्चिमी विक्षोभ ने कम किया उत्तरी हवा का प्रभाव, 15 से नीचे नहीं गया पारा

फरवरी में 10-11 डिग्री तक पहुंचने वाला न्यूनतम तापमान इस बार 15 डिग्री से नीचे नहीं उतर पाया है। पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर की ठंडी हवा को असरदार नहीं होने दिया और राजधानी की 12 रातें पांच डिग्री तक ज्यादा तापमान के साथ बीत गईं। मौसम में अभी उतार-चढ़ाव की संभावना तो है, मगर ज्यादा ठंड की वापसी अब नहीं होगी।

इस बार भारतीय सीमा को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ कुछ ज्यादा ही हावी रहा। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी लेकर आने वाले शुष्क हवा का असर कम दिनों रहा। जनवरी तो जैसे-तैसा गुजरा और फरवरी आते ही जैसे ठंड गायब सी हो गई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है विक्षोभ के प्रभाव से छाने वाले बादल रात के तापमान को कम नहीं होने दिया जिसकी वजह से फरवरी में ठंड असरदार नहीं हो पाई। सामान्यतः इस माह का न्यूनतम तापमान 10 से 14 डिग्री से कम रहता है, मगर इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ और पारा 15 डिग्री ने नीचे झुकने की हिम्मत नहीं दिखा पाया। उत्तरी इलाकों में तो ठंड रही मगर मध्य और बस्तर में फरवरी सामान्य से ज्यादा तापमान के साथ बीत रही है। आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव होगा मगर इसकी वजह ठंड की वापसी रायपुर समेत मध्य इलाके में होने की संभावना कम है।



### इस तापमान में बीती शहर की रातें

| फरवरी | न्यूनतम पारा |
|---|---|
| 12 | 20.8 |
| 11 | 20.4 |
| 10 | 16.3 |
| 09 | 15.3 |
| 08 | 18.3 |
| 07 | 17.8 |
| 06 | 20.8 |
| 05 | 20.6 |
| 04 | 20.4 |
| 03 | 19.7 |
| 02 | 19.8 |
| 01 | 20.3 |

### तीन डिग्री तक गिरावट के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास स्थित पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने की संभावना है। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने के आसार बन रहे हैं। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इसका बड़ा असर उत्तरी हिस्से में होने की संभावना है। रायपुर और जगदलपुर का न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री अधिक है।

## पेज 11 के शेष ...

### शहर के लिए नया .....

को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। दरअसल, शंकर नगर एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ की सर्विस लेन, शंकरनगर के तरफ वाले दोनों रोड, बाटल हाउस के तरफ आने वाला रास्ता खुलने से व्यवस्था बिगड़ गई है। संकरी सड़क पर सिग्नल लगने के बाद वहां रोज गाड़ियों का लंबी लाइन लगने से इस मार्ग में आने-जाने वालों को खासी परेशानी हो रही है। पहले शंकर नगर एक्सवे के सर्विस लेन को क्रॉस करने जहां 2 से मिनट का समय लगता था, अब उसी लेन को क्रास करने में 10 मिनट से अधिक का समय लग रहा है। **बॉटल हाउस के सामने जाम** : इंडियन चिली के सामने से निकलते ही एक्सप्रेस वे से पहले बॉटल हाउस से आने वाली सड़क से वाहन आते हैं। वहां गाड़ियां फंस जाती हैं। एक मिनट से भी कम ग्रीन सिग्नल होता है। ऐसे में हजारों गाड़ियों को क्रॉस करने का वक्त नहीं मिल पाता। इतनी देर में पीछे से और वाहन आ जाते हैं।

### न्यू देलही स्वीट्स .....

फंसना पड़ता है। वहां से निकले तो दूसरा सिग्नल एक्सप्रेस वे में लगा दिया गया है। इंडियन चिली के सामने सड़क संकरी है। वहीं बीच में में सड़क को क्रोसिंग के लिए खोल दिया गया है। उसकी वजह से जाम लगता है।

### कुकरेजा की वापसी पर ....

करेंगे। उन्होंने मामले फिलहाल इतना ही कहा कि 'पैसा खुदा तो नहीं, लेकिन खुदा की कसम खुदा से कम नहीं।' उन्होंने कांग्रेस छानबीन समिति के निर्णय को लेकर कहा, पार्टी ने जो किया उसे मान लिया, लेकिन कुकरेजा पर पार्टी को हराने के लिए उनके क्षेत्र में षड्यंत्र करने का आरोप लगाया था। मामले में अजीत कुकरेजा की पार्टी में वापसी को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर पहले ही विरोध किया था। अब वे दिल्ली जाकर बड़े नेताओं से मिलकर आलाकमान के समक्ष अपनी बात रखेंगे। जुनेजा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम आने के बाद दिल्ली जाएंगे। वहां पर कांग्रेस संगठन के नेताओं और प्रदेश प्रभारी से भी मिलकर मामले में प्रमाण पेश कर कुकरेजा के पार्टी प्रवेश के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग करेंगे। **बागी होकर लड़ा था चुनाव** : उल्लेखनीय है कि 2023 विधानसभा चुनाव में रायपुर उत्तर से कुलदीप जुनेजा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी थे। कुकरेजा ने बगावत करके उसी विधानसभा से चुनाव लड़ा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने के बाद भी नाम वापस नहीं लिया। । **सरकार और निर्वाचन आयोग की लापरवाही से कम वोटिंग** : पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने रायपुर में सबसे कम मतदान को लेकर कहा, ये सरकार और निर्वाचन आयोग की लापरवाही है। कल लोग मतदाता पर्ची को लेकर दिनभर भटकते रहे। जो जनता वोट देना चाहती थी, वो भी वोट नहीं दे सकी। अगर ये समस्या नहीं होती, तो 70 प्रतिशत से अधिक वोटिंग होती।

### अनुपम नगर डकैती ...

मनोहरन वेल्लू के एक भाई की मौत हो चुकी है। डकैती की घटना के बाद मौके पर मिले सीसीटीवी फूटेज में सभी बदमाशों के नकाब में होने की वजह से बदमाशों की पहचान नहीं हो पाने की बात कह रही है। अनुपम नगर में जहां डकैती की घटना घटित हुई है, वहां से शहर छोड़कर भागने के आधा दर्जन से ज्यादा मार्ग हैं। इस वजह से पुलिस को बदमाशों के भागे जाने की सही लोकेशन की जानकारी नहीं मिल पा रही है। क्राइम ब्रांच की आधा दर्जन से ज्यादा टीम घटना स्थल तथा उससे सटे आस-पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने में जुटी हुई है। **अमलेश्वर के पास मिला क्लू** : डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मनोहरन वेल्लू तथा उनकी दोनों बुजुर्ग बहनों की मोबाइल फोन लेकर भागे हैं। एक मोबाइल के चालू होने के बाद उसका अंतिम लोकेशन अमलेश्वर के पास होने के बाद देर रात क्राइम ब्रांच की एक टीम अमलेश्वर रवाना किया गया। अमलेश्वर पहुंचने के बाद पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, लेकिन पुलिस को वहां भी किसी भी प्रकार की सफलता नहीं मिल पाई। **एक्सप्रेस वे के रास्ते भागने की आशंका** : पुलिस को आशंका है कि बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद मेन रोड में आने के बाद एक्सप्रेस वे के रास्ते से भागे होंगे। इसकी वजह एक्सप्रेस वे में ट्रैफिक का दबाव कम रहता है। इसके साथ ही बदमाशों के शहर के अन्य अंदरुनी इलाकों से भागे जाने की आशंका को देखते हुए पुलिस की टीम जांच कर रही है। **एसएसपी पहुंचे पूछताछ करने** : डकैती की घटना के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह मनोहरन वेल्लू तथा उनकी बहनों से पूछताछ करने पहुंचे। एसएसपी करीब एक घंटे तक बुजुर्ग भाई बहनों से पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर बदमाशों के स्थानीय होने की आशंका पुलिस अफसरों को है। डकैतों की पतासाजी करने पुलिस की अलग-अलग टीमें सरहदी जिलों में रवाना की गई है। **घर आने-जाने वालों से पूछताछ** : डकैती की घटना को सुलझाने पुलिस बुजुर्ग भाई बहनों के घर नियमित आने-जाने वालों के बारे में जानकारी जुटाकर उनसे पूछताछ करने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग भाई बहनों के यहां उनके पड़ोसियों के अलावा करीबी रिश्तेदारों का आना-जाना था। इसके अलावा किसी अन्य के बुजुर्ग भाई बहनों के यहां आवाजाही नहीं थी। इसके साथ ही पुलिस को जानकारी मिली है। मनोहरन ने दो वर्ष पूर्व जो संपत्ति बेची है। उस बेची गई संपत्ति की राशि मनोहरन तथा उनके साथ रह रही उनकी दोनों बहनों के अलावा किसी और को नहीं दी गई है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

### बांग्लादेशियों की ...

मिली है। पुलिस तथा एटीएस को बांग्लादेशी घुसपैठियों के रायपुर के साथ भिलाई, दुर्ग तथा बिलासपुर में होने की जानकारी मिली है। बांग्लादेशी घुसपैठियों की धरपकड़ करने पुलिस तथा एटीएस की टीम द्वारा गुप्त रूप से अभियान चलाए जाने के बारे में जानकारी मिली है। वहीं इस मामले में आईबी की इंट्री हुई है। मुंबई तथा रायपुर एटीएस की टीम ने तीन बांग्लादेशी घुसपैठिये जो सगे भाई हैं, उन्हें मुंबई से एयरपोर्ट जाते पिछले महीने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया है। घुसपैठियों के पकड़े जाने के बाद टिकरापारा पुलिस ने तीनों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर पूछताछ करने कोर्ट से रिमांड हासिल की थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों की रिमांड हासिल करने के बाद पुलिस की चार अलग-अलग टीमों ने पूछताछ की। **घुसपैठियों से आईबी अफसरों ने की पूछताछ** : इराक भागने की फिराक में पकड़े गए बांग्लादेशी घुसपैठिये मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर, शेख साजन से आईबी हेडक्वार्टर से आए ऑपरेशन विंग के दो अफसरों की टीम ने पूछताछ की है। इस बात की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक आईबी के ऑपरेशन विंग को राज्य के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के होने की जानकारी मिली है। **पहचान परेड वाले कई संदिग्ध गायब** : घुसपैठियों के मुंबई में पकड़े जाने के बाद पुलिस ने 30 जनवरी को बाहर से आकर यहां रह रहे लोगों की पहचान परेड कराई थी। पुलिस ने उन संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाने संबंधित राज्य की पुलिस को उनके बारे में जानकारी देने पत्र लिखा है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जिन डेढ़ सौ के करीब संदिग्धों को ट्रेस किया है, उनमें से कई संदिग्ध गायब हो गए हैं। **पैसे कहां से आते थे, इसकी जानकारी अब तक नहीं** : घुसपैठिये रायपुर में कबाड़ बीनने तथा बेचने का काम करते थे। घुसपैठियों के रहन सहन के स्तर को देखते हुए पुलिस को घुसपैठियों को किसी अन्य सोर्स के माध्यम से अतिरिक्त पैसे मिलने की आशंका है। घुसपैठियों के पास अतिरिक्त पैसे कहां से आते थे, इस बात की घुसपैठियों ने पुलिस को सही जानकारी नहीं दी है।

Health Town

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
• दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) Painless • डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
• टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा • दांतो की Scaling & Polishing
• दांतो की Bleaching • दांत दर्द और सेंसिटिविटी कैविटी और दांतों का सड़ना • मुंह के संक्रमण
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना • दांतों की सफाई • सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज
गंभीर देखभाल: मसूड़ो का गंभीर संक्रमण, ओरल कैंसर, डेंटल एब्सेस, टीएमजे समस्या, टूटे या फंसे दांत
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में —
• महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
• अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉंडिलाइटिस
• पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
• चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
• पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
• किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
• शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
• स्नायू (नर्व) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
• केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964
शॉप नं. 5, शुभम विला अपार्टमेंट, मेनरोड, न्यू राजेन्द्र नगर मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पवार क्षत्रिय संगठन का हुआ स्नेह सम्मेलन

**रायपुर।** चंगोराभाठा सभा भवन रायपुर में समाज जन एवं मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति में रविवार को 40वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेश राहंगडाले ने कहा कि समाज के संस्कारों को सहेज कर रखने और एकता बनाए रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदलाल चौधरी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग छग शासन एवं विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र प्रसाद पटले, ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के रंगोली, दौड़ प्रतियोगिता हुई, विजेताओं को पारितोषिक वितरित किया गया।

### पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन 9 मार्च को



**रायपुर।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा महिलाओं, पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सत्संग भवन में आगामी 9 मार्च को होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सस्था की बैठक हुई। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल और अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि इस वर्ष के परिचय सम्मेलन के लिए महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां इसका लाभ उठा सकें। आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है उनका निशुल्क आदर्श विवाह भी किया जाएगा। संस्था का कार्यालय सप्रे स्कूल बुढ़ापारा रायपुर के सामने स्थित है जहां प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 7 बजे तक इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन करा सकते हैं। बैठक में राधा राजपाल, अन्टू ठाकुर, दमयंती देशपांडे, बिहारी लाल शर्मा, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, रामभरोसा अग्रवाल, अंजली शितूत, सुषमा ध्रुव, अन्नपूर्णा शर्मा, चंपालाल साहू, ज्योति हिरणवार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दूसरों की जिंदगी संवार रही दान में मिली त्वचा, स्किन बैंक को मिले अब तक 22 डोनर

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मृत्यु के बाद किडनी, लिवर, आंखों के साथ त्वचा भी दूसरों की जिंदगी संवारने के काम आ रही है। ब्रेनडेड के अलावा सामान्य मृत्यु वालों की त्वचा भी परिवारवालों द्वारा स्किन बैंक में डोनेट की गई है। डीके अस्पताल में संचालित स्किन बैंक को अब तक 22 डोनर मिल चुके हैं। इनकी त्वचा का उपयोग प्लास्टिक सर्जरी के दौरान जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जा रहा है।

डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में करीब दो साल से शासकीय स्तर पर प्रदेश का पहला स्किन बैंक संचालित किया जा रहा है। अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण एक्ट के तहत किसी की मृत्यु के बाद परिवार की रजामंदी से प्राप्त की गई त्वचा यहां सुरक्षित रखी जाती है। अब तक विभिन्न अस्पतालों में जान गंवाने वाले 22 लोगों की त्वचा यहां दान में प्राप्त हुई है। एक न्यूनतम तापमान में उक्त त्वचा को सुरक्षित रखा जाता है और अस्पताल में संचालित प्लास्टिक सर्जरी विभाग में आने वाले मरीजों की जिंदगी संवारने के लिए इन त्वचा का उपयोग किया जाता है। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों के मुताबिक विभिन्न तरह के हादसों के शिकार होकर ऐसे मरीज अक्सर अस्पताल पहुंचते हैं जिनका जख्म भरने के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होती है।

आमतौर पर सर्जरी के लिए संबंधित मरीज की त्वचा का उपयोग किया जाता है मगर संभव नहीं होने पर उनकी सहमति से स्किन बैंक में रखी गई त्वचा की मदद से उनके जख्म भरने और हादसों के निशान मिटाने का प्रयास किया जाता है।

### त्वचा संबंधित बीमारी वालों को छोड़कर

चिकित्सकों ने बताया कि किडनी, लिवर जैसे अंग केवल ब्रेनडेड होने वाले मरीजों से प्राप्त किया जाता है। त्वचा का दान सामान्य मृत्यु के बाद किया जा सकता है। कैंसर पीड़ित, हेपेटाइटिस के मरीज, त्वचा रोग वाले मरीज और एचआईवी संक्रमित मरीजों की त्वचा दान में नहीं ली जा सकती। स्किन डोनेट करने वालों के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

- डीके अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी के दौरान उपयोग हो रही त्वचा
- ब्रेनडेड के अलावा सामान्य मृत्यु के बाद भी दान की स्किन




*सर्जरी में मिल रही मदद : दान में मिलने वाली त्वचा को स्किन बैंक में सुरक्षित रखा जाता है। आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग प्लास्टिक सर्जरी के मरीजों के लिए किया जाता है।*
*- डॉ. हेमंत शर्मा, उपअधीक्षक, डीके अस्पताल*

### जागरूकता का प्रयास भी

प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों के अनुसार त्वचादान के संबंध में जागरुकता लाने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को यह समझाने की कोशिश की जाती है कि मृत्यु के शव को जलाया जाता है अगर त्वचा सहित अन्य अंगों का दान किया जाए तो यह दूसरों की जिंदगी संवारने के काम आ सकती है।

## एमपी, केरल सहित कई राज्यों में मिलवाटखोरों पर एफआईआर का प्रावधान

# मिलावटखोरी के खिलाफ जुर्माने की रस्म अदायगी आपराधिक दंड के अभाव में थम नहीं रही मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य पदार्थों में मिलावट कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई महज रस्म अदायगी है। मध्यप्रदेश, केरल सहित कई राज्यों में ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाता है जहां उनकी गिरफ्तारी भी होती है। जबकि छत्तीसगढ़ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ जांच करता है, सैंपल लिए जाते हैं और मामला सक्षम न्यायालय में सालों पेंडिंग के बाद केवल जुर्माने के बाद समाप्त हो जाता है। जिसकी वजह से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद रहते हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अन्य राज्यों में सख्ती बरती जाती है। मामले में पुलिस में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है और उनकी गिरफ्तारी भी होती है। छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं किया जाता, किसी मामले कार्रवाई के लिए गए सैंपल की रिपोर्ट के आधार सक्षम न्यायालय में प्रकरण पेश किया जाता है जहां दो से तीन साल बाद प्रकरण में जुर्माना अथवा कुछ दिनों की सजा का फैसला सुनाया जाता है। इसकी वजह से मिलावटखोरों में कार्रवाई का कोई खास डर नहीं होता और उनका काम बेखटके जारी रह जाता है। विभाग से जुड़े सेवानिवृत अधिकारियों और विधि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि नियम के तहत कार्रवाई किए जाने के साथ ही आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने और मामले में गिरफ्तारी किया जाना आवश्यक है।

**छत्तीसगढ़ में जांच, सैंपल रिपोर्ट के संबंधित न्यायालय में मामला, सालों बाद फैसला**


यह तो हद है... मिलावट का पहला मामला, 23 क्विंटल गुड़ बरामद

गुड़ में स्टोन का डस्ट...कवर्धा में पकड़ाई फैक्ट्री, 310 क्विंटल पावडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/कवर्धा

खास खबर

किडनी को करता है प्रभावित

सैंपल लिया गया

### गुड़ में स्टोन पावडर, केवल फैक्ट्री सील

कवर्धा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने ऐसी फैक्ट्री पकड़ी थी, जहां गुड़ को चमकदार बनाने और वजन बढ़ाने के लिए स्टोन पावडर मिलाया जाता था। गुड़ के सैंपल लेकर फैक्ट्री सील कर दी गई और मामला न्यायालय में पेश करने के लिए रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामला गंभीर है, मगर कारोबारी के खिलाफ किसी तरह का आपराधिक प्रकरण नहीं बना, क्योंकि इसका नियम ही नहीं है, जबकि पत्थर मिला गुड़ सीधे उपयोग करने वाले की किडनी डेमैज करता है।

### पनीर मामला न्यायालय में

रायपुर जिले की टीम ने बिरगांव और निमोरा में पनीर की ऐसी फैक्ट्री पकड़ी, जहां निर्माण के लिए दूध का इस्तेमाल ही नहीं किया जाता था। इसमें से एक फैक्ट्री को सील कर दिया गया और कई टन पनीर जब्त किया गया। रिपोर्ट में उसके अमानक मिलने पर प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश कर दिया गया। दोनों मामलों में कारोबारियों के खिलाफ किसी तरह का क्रिमिनल केस नहीं बना, जबकि पनीर आम घरों के साथ बड़े समारोह में भी सामान्यतः उपयोग किया जाता है।

### पिछले साल करीब तीन लाख जुर्माना

सूत्रों के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा राज्य में समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नियमों का पालन नहीं करने के मामले में करीब पांच सौ कारोबारी संस्थानों पर कार्रवाई की गई थी। मामले सक्षम न्यायालय तक पहुंचे और करीब दर्जनभर केस में तीन लाख तक जुर्माना किया गया। बाकी मामले सुनवाई के लिए लंबित है, जिसमें भी कारोबारियों को आर्थिक दंड दिए जाने की संभावना है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश के पिस्टल टिकाने से दहशत में आया कारोबारी दुकान खोलने से डर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सराफा कारोबारी पर हिस्ट्रीशीटर यासिन अली सोने की अंगूठी देने दबाव बना रहा
- अंगूठी नहीं देने पर गुंडे भेजकर पिस्टल टिकाकर धमकाने का आरोप

बदमाशों के खिलाफ त्वरित तथा ठोस कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में इरानी डेरा के तड़ीपार बदमाश यासिन अली ने एक कारोबारी पर पिस्टल टिकाकर उससे उधार में सोने की अंगूठी देने की मांग की। अंगूठी देने से इनकार करने पर बदमाश ने अपने दो गुर्गे भेज कर कारोबारी को पिस्टल की नोक पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। बदमाश की धमकी से दहशतजदा कारोबारी एक सप्ताह से दुकान खोलने से डर रहा है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामूली धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इसके कारण कारोबारी पहले से ज्यादा दहशत में है। कारोबारी मुकेश सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि यासिन अली ने उसे कॉल कर सोने की अंगूठी बनाने के लिए कहा। इस पर मुकेश ने यासिन को सोने की अंगूठी बनाने के पूर्व 75 प्रतिशत राशि जमा करने के लिए कहा। साथ ही अंगूठी बनने के बाद त त्काल बकाया पैसा देने के लिए कहा। इस पर यासिन ने बाद में पैसा देने की बात कही। कारोबारी ने यासिन के लिए अंगूठी नहीं बनाई, तो इससे नाराज होकर यासिन ने अपने गुर्गे सत्या तथा एक अन्य को मुकेश की दुकान भेजा। बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर कारोबारी यासिन के लिए अंगूठी बनाकर देने दबाव बनाया।

### पुलिस ने कहा पिस्टल दिखाने का सबूत नहीं

कारकोबारी ने घटना की पांच फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पिस्टल की नोक पर धमकाने की जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस ने कहा की जो सीसीटीवी फूटेज दिया है, उसमें पिस्टल का फूटेज सही तरीके से नहीं आ रहा है। ऐसे में हम एफआईआर में पिस्टल की नोक पर धमकाने का उल्लेख नहीं कर सकते। साथ ही एफआईआर में पिस्टल की नोक पर धमकाने का उल्लेख करने पुलिस ने कारोबारी को सबूत लाने के लिए कहा।

### केंद्रीय मंत्री को चैंबर ने बजट प्रावधान सुझाव को लेकर सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के संबंध में ज्ञापन सौंपा। सम्मेलन में चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा, केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर केंद्रित होने का साथ ही विकासपरक है। राजधानी के वीईपी रोड स्थित बेबीलोन कैपिटल में केन्द्रीय बजट 2025-26 बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में चेंबर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग मंत्री शामिल हुये।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण एजेंसी को मार्च तक दी मोहलत

- महराजबंध, नरैया तालाब, खो-खो तालाब में एसटीपी का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 20 करोड़ खर्च कर गंदे पानी के शुद्धिकरण की योजना



शहर के महराजबंध तालाब, नरैया तालाब और खो-खे तालाब में जल शुद्धिकरण के लिए लगाये जाने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 2 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित एजेंसी को मार्च तक हर हाल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरा करने समय दिया है। 20 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए समृद्धि वाटर वर्क्स एजेंसी को ठेका दिया गया है।

दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाये रखने और गंदे पानी का शुद्धिकरण करने 20 करोड़ की लागत से 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने ठेका दिया। राजधानी के ऐतिहासिक महराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालब के जल को दूषित कर रहा है।

इसमें वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाले का पानी जा रहा है। इसके शुद्धिकरण के लिए 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। इसी तरह नरैया तालाब और खो-खो तालाब में 1-1 एमएलडी एसटीपी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य बहुत धीमे गति से कराया जा रहा है। इसे लेकर चार माह पूर्व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक में स्मार्ट सिटी के प्रबंधक संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान एसटीपी निर्माण कार्य में लेटलतीफी को लेकर संबंधित एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई। काम में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर अंतिम नोटिस दिया गया। हाल ही में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने उससे प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है।

### मार्च तक काम पूरा करना होगा

10 दिन पहले अनुबंधित एजेंसी ने तीनों साइट पर एसटीपी के अधूरे काम को पूरा करने टीम लगाई है। हमने उससे प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है। ठेका एजेंसी को मार्च तक काम पूरा करना होगा।
**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## बिजनेस साइट

### पंजाब नेशनल बैंक का एमएसएमई लोन एक्सपो आज



**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा आज एमएसएमई लोन एक्सपो का आयोजन रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के छह स्थानों - धमतरी, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव में किया जा रहा है। यह आयोजन बैंक के आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसके तहत ग्राहकों तक सीधे पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

पीएनबी के जोनल मैनेजर आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि इस एक्सपो के माध्यम से बैंक के सभी शाखा प्रबंधक ग्राहकों से संपर्क कर रहे हैं, जिन्हें ऋण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बैंक कम ब्याज दरों पर ऋण दे रही है और उन्होंने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्रेडिट स्कोर का ध्यान रखें और समय पर ऋण का भुगतान करें, ताकि भविष्य में उन्हें और अधिक ऋण प्राप्त हो सके। आशीष चतुर्वेदी ने आगे कहा कि बैंक के पास एमएसएमई सेक्टर के विभिन्न प्रकार के ऋण के लिए स्पेशलाइज्ड स्कीम हैं, जो छोटे और बड़े दोनों प्रकार के व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। इसके अलावा मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भी फाइनेंसिंग की जा रही है।

- छोटे और बड़े व्यापारियों को मिलेगी नई सौगात

### ऑटो एक्सपो में अब तीन दिन शेष 22 हजार से अधिक वाहन बिक चुके



**रायपुर।** राडा द्वारा आयोजित रायपुर के ऑटो एक्सपो में अब तक हजारों लोग विजिट कर चुके हैं और इस बार की एक्सपो का कारोबार शानदार रहा है। यह एक्सपो आठवें एडिशन में पहुंच चुका है और अब यह पूरे भारत में चर्चित हो चुका है। 15 फरवरी को समापन होने से पहले एक्सपो में 22,030 वाहनों की बिक्री हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में अभी बुकिंग भी हो रही है। विशेष रूप से ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) की बढ़ती लोकप्रियता का अनुभव किया जा रहा है। सरकार द्वारा आजीवन रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा ने भी इस एक्सपो की सफलता में अहम योगदान दिया है। इस बार टीवीएस अपाचे आरआर 310 और हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक जैसे नए मॉडल लॉन्च किए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी टीवीएस अपाचे आरआर 310 की सवारी करते हुए इसके दमदार फीचर्स की सराहना की।

### वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी केयर में एनटलिया प्रो मशीन से फेफड़े का बेहतरीन इलाज



**रायपुर।** अवंती बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा में स्थित वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी केयर में अब फेफड़ों के विभिन्न रोगों का इलाज एनटलिया प्रो मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। इस मशीन के जरिए छत्तीसगढ़ में पहली बार फेफड़ों की सभी प्रकार की बीमारियों का सटीक इलाज संभव हो पा रहा है। प्रसिद्ध एलर्जी एवं अस्थमा विशेषज्ञ, डॉ. केदारनाथ देवांगन के अनुसार इस मशीन का उपयोग सभी आयु वर्ग के मरीज, बच्चे और बुजुर्ग कर सकते हैं। एनटलिया प्रो मशीन में टेस्ट के लिए सिर्फ सामान्य सांस की आवश्यकता होती है और इससे फेफड़ों में हो रही तकलीफ का पता आसानी से चल जाता है। डॉ. देवांगन ने बताया कि इस मशीन से सिगरेट और तंबाकू से संबंधित फेफड़े की बीमारियों, जैसे फेफड़ों का सिकुड़ना का इलाज किया जा सकता है। इसके अलावा यह मशीन फेफड़ों की अन्य बीमारियों के उपचार में भी मददगार साबित हो रही है।

### जेईई मेन्स 2025 में ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है। यहां केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरी तैयारी कराई जाती है। इसके परिणामस्वरूप इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें आदित्य जयसवाल (99.1), मानव्य जैन (98.4), हर्षकांत ठाकुर (98.3), अद्धय महावार (97.14), मनोज पुरी (96.1), अभिग्या महावार (91.97) है। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर, विद्यालय प्रबंधन समिति और सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सराहना की।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



हाथों में हिना, सिर पर सेहरा बांधे कारों...


लाइव इवेंट

## गौरवशाली है छत्तीसगढ़ का इतिहास, धरोहरों को सहेजना होगा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास को धरोहर के रूप में सहेजना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को इसकी महत्ता का पता चलेगा। कुछ ऐसे ही संवादों से माना के नवीन शासकीय कॉलेज में इतिहासविद् प्रो. रमेन्द्र नाथ मिश्र विद्यार्थियों से मुखातिब हुए। इतिहास विभाग द्वारा छात्र- छात्राओं के लिए आयोजित सेमीनार में उन्होंने कई ऐसी बातें बताई जो विद्यार्थियों को जीवन भर काम आने वाली हैं। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह और कौशल्या माता मंदिर के इतिहास से जुड़ी जानकारी दी । साथ ही अपने छात्र जीवन के अनुशासन और उस समय गुरु-शिष्य संबंधों को भी साझा किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े रहस्यों के बारे में भी बताया।

### नाम की दुविधा को भी दूर किया

प्रो. मिश्र ने बस्तर, सरगुजा, रतनपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ के पुरातात्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वहां से जुड़ी बातों को साझा किया। इस बीच कई छात्र- छात्राओं ने अपने सवाल किए। खूबचंद बघेल, विवेकानंद का छत्तीसगढ़ प्रवास पर जानकारी इकट्ठी की। रायपुर के महंत संग्रहालय के नाम की दुविधा को भी दूर किया। मनोबल से ही सारे बल बढ़ते हैं, संघर्ष में ही हर्ष छिपा है। ऐसे अनमोल विचार मिश्र ने चर्चा के बीच साझा किया। अपनी किताबों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कीर्ति तिवारी, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. सपना कॉर, नर्गिश एनेश्वरी, सीमा कुजूर मौजूद थी।

● रायपुर आकाशवाणी से जुड़े उद्घोषकों की यादों का हिस्सा बन चुके पुराने दौर के खास पल

# मीडियम वेव से शुरू हुआ रेडियो का प्रसारण अब एफएम -डीटीएच डिश टीवी पर भी क्रेज

'रायपुर से 60 के दशक में गीत-संगीत व सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए मीडियम वेव से शुरू हुआ रेडियो का प्रसारण अब एफएम-डीटीएच डिश टीवी पर भी क्रेज बनाने में सफल है। इसके जरिए भी हर वर्ग के लोग रेडियो के प्रसारण सुनते हैं। युवा मोबाइल पर एफएम रेडियो से कनेक्ट होने के साथ अच्छे श्रोता बन रहे हैं। विश्व रेडियो दिवस पर ऐसी यादों के साथ रायपुर आकाशवाणी के उद्घोषक जुड़े। उन्होंने हर दौर की यादें साझा की।'

**रायपुर।** हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। रायपुर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना 2 अक्टूबर 1963 को हुई। यह केन्द्र मध्य प्रदेश के जमाने में टॉप चार स्टेशनों में एक था। पूर्व चर्चित उद्घोषक कमल शर्मा भी अपनी आवाज के दम पर लोगों में पहचान रखने वालों में शुमार थे। उन्होंने बताया कि कम श्रोता ही जानते होंगे कि ऑल इंडिया रेडियो की यादों को एक धागे में पिरोने वाली धुन, जो सुबह की पहली किरण के साथ रेडियो पर बजती है, उसको किसी भारतीय ने नहीं, बल्कि एक चेक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफ़मैन ने इज़ाद किया था।



### आज मेरी बारी है, रहा क्रेज

कमल शर्मा ने बताया कि 80 के दशक में रायपुर आकाशवाणी से कैजुवल उद्घोषक के रूप में काम शुरू किया। तब एक दिन काम करने पर हमें 25 रुपए मिलते थे। अब असायनी कहलाते हैं। रायपुर में 2 अक्टूबर 1963 में आकाशवाणी की स्थापना हुई। तब स्वामी आत्मानंदजी की रिकार्डिंग को देखने का मौका मिला। उन दिनों युववाणी पर प्रसारित होने वाले 'आज मेरी बारी है' को लेकर युवाओं में क्रेज था। इसमें युवाओं की पसंद के गाने खास होते थे।

### मेल भेजकर युवा हो रहे कनेक्ट

आकाशवाणी के चर्चित उद्घोषकों में दीपक हटवाल बताते हैं कि मीडियम वेव से शुरू हुआ रेडियो अब एफएम ही नहीं, बल्कि डीटीएच डिश टीवी तक अपनी धाक जमा चुका है। आवाज का जादू हमेशा रहा और आगे भी रहेगा। पहले भी लोग प्रोग्राम से जुड़ने के लिए हर सप्ताह 1500 से 2000 पोस्ट कार्ड भेजते हैं। अब तो ईमेल का जमाना शुरू हो गया और युवा मेल भेजकर कनेक्ट होते हैं। रेडियो अब मोबाइल में एफएम के दौर में पहुंचा है।




### 72 घंटे तक प्रसारण किया

*पत्थर बोल, इनकी राह इनकी मंजिल, गूंजे स्वर गांव के, युवा वनवासी जैसे प्रोग्राम तब बाहर जाकर रिकार्डिंग किए जाते थे, यह आसान नहीं था। रोजगार के साथ इंटर कॉलेज के कॉम्पिटिशन का प्रसारण रेडियो पर होता था। इंडियन क्रिकेट टीम का इंटरव्यू रिकार्ड किया था, वह यादगार पल रहा। रेडियो रूपक ,धारावाहिक पसंद किए जाते थे। इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी यादों को भी साझा किया। श्री शर्मा ने बताया कि तब 72 घंटे तक प्रसारण करना पड़ा था।*

### हैलो फरमाइश डिजाइन किया

*उन दिनों एस कुमार फिल्मी गुलदस्ता, गीत माला, फौजी भाइयों के लिए विशेष जयमाला जैसे अनगिनत प्रसारण है, जिन्हें कभी नहीं भूल सकते हैं। उनमें से हैलो कारगिल भी एक था। चार महीने तक यह प्रोग्राम चला। इसे हम जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए चला रहे थे। भारत का पहला प्रोग्राम 8 अक्टूबर 1996 हैलो फरमाइश का विविध भारती से प्रसारण किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रोग्राम को मैंने ही डिजाइन किया था। उसे लोगों ने खूब पसंद किया।*



### आकाशवाणी से गूंजी मंगल ध्वनी

*उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 1963 में रायपुर आकाशवाणी से सुबह 5.50 बजे पहली मंगल ध्वनि का प्रसारण हुआ। इसके बाद महात्मा गांधी का प्रिय भजन वैष्णव जन ते ..., का प्रसारण किया गया था। 1970 के दशक में भी आपके ये गीत, सुर श्रृंगार, इसके बाद फोनिंग फरमाइशी कार्यक्रम का दौर चला, जो अब तक कायम है। इसके चलते हर वर्ग के रेडियो श्रोता रोज अपनी पसंद और जरूरत से जुड़े परमाइशी प्रोग्राम का हिस्सा भी बनते हैं।*

सिटी इवेंट

## शुरू करो अंताक्षरी लेके प्रभु का नाम, गीतों की सजी महफिल



**रायपुर।** सुरों से सजी शाम के चलते अग्रसेन कॉलेज में उत्सव का माहौल रहा। जहां अंताक्षरी का आयोजन किया गया। इसमें विशेष अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज से सीपी अग्रवाल उपस्थित रहे। अंताक्षरी के इस कार्यक्रम में 4 अलग अलग टीम संकल्प, साधना, समर्पण और सेवा छात्रों द्वारा बनाई गई थी। सभी प्रतिभागियों ने सुंदर गीत गाए। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने छात्रों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि जीवन को अच्छे से बिताने के लिए संगीत से अच्छा साथ और साथी कोई और नहीं हो सकता है। जीवन के हर मर्ज़ का इलाज संगीत होता है।

### प्रतिस्पर्धा से आती है टीम वर्क की भावना

अंताक्षरी में 4 राउंड रखे गए थे। जिसमें धुन पहचानो, 1 मिनट में कितने गीत और डम्पसराज जैसे राउंड शामिल थे। वहीं, कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि छात्रों के लिए ऐसा आयोजन होते रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. यूलेन्द्र राजपूत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ- साथ कला के क्षेत्र में भी हिस्सा लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के बहाने टीम वर्क की भावना आती है।



### निर्णायकों ने रखी पैनी नजर

दर्शकों से बहुत ही रोचक सवाल किए गए और पुरस्कार भी दिया गया। लता और किशोर के गाने के साथ राजकपूर और नरगिस के गीतों में उलझे प्रतिभागी। अंताक्षरी के विजेता रहे समर्पण (पत्रकारिता विभाग) और उपविजेता रहे संकल्प (वाणिज्य विभाग)। निर्णायक के रूप में पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा दुबे और कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष विकास शर्मा रहे। इसका संचालन हेमंत सहगल और रुख्मणि अग्रवाल ने किया।

## गीत-संगीत के साथ कॉम्पिटिशन से गुलजार रहा फेयरवेल, जीतने के लिए होड़

रायपुर। शहर में जेके दानी स्कूल सुबह 10 बजे से ही उत्सव के लिए सज रहा था। खुशनुमा माहौल भी बनने लगा था। अवसर खास बन पड़ा, यहां 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को फेयरवेल पार्टी देने के साथ ही, उनके उज्जवल भविष्य की कामना के लिए भी जुटे। इनके बीच गुरुओं ने अपने अनुभव साझा किए। एक पल ऐसा भी आया, जब विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुओं के साथ बिताए समय के कुछ पल को साझा किया। इस दौरान कई लोगों के संवाद से आंखें भी नम हुईं। क्लास टीचर अमरीका यदु के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया।




शहर के जेके दानी स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

### साड़ी पहनने हुई प्रतियोगिता

विदाई समारोह के दौरान कई मनोरंजक और रोमांचक खेलों का भी आयोजन किया गया। इसमें लोगों के बीच साड़ी पहनने की प्रतियोगिता में शेषनारायण को विजेता चुना गया। गुब्बारे फुलाकर फोड़ने के मामले में माया मिश्रा अव्वल रही। चिट निकालकर परफॉर्म करने में इशिका को विनर चुना गया। वहीं, गुब्बारे फुलाकर डिस्पोजल का पिरामिड बनाने में शिवानी सोनी ने बाजी मारी। इसके चलते खुशनुमा माहौल बना।





### परीक्षा पास करके आगे बढ़ें

प्रतियोगिता के बाद सभी विजेताओं के बीच गुब्बारे फुलाकर दूसरों के गुब्बारे फोड़ने की प्रतियोगिता का दौर शुरू हुआ। इसमें भी शेषनारायण यादव ने जीत हासिल की। प्राचार्या ललिता अग्रवाल ने सभी को आशीर्वचन देते हुए कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुनहरा भविष्य बुनें। कक्षा 12वीं की क्लास टीचर सुशीला मिश्रा ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस विदाई पार्टी के बीच गीत-संगीत का भी माहौल बना।

## आकार ले रही लाइब्रेरी, पढ़ने के लिए मिलेगा बेहतर माहौल

**रायपुर।** मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब को जल्द ही एक सुंदर लाइब्रेरी की सुविधा मिलने वाली है। इसका रिनोवेशन तेजी से चल रहा है। प्रेस क्लब हमेशा से पढ़ने-लिखने वालों की संस्था रही है। इस मामले में प्रेस क्लब का इतिहास समृद्ध है। दिग्गज पत्रकार प्रेस क्लब के सदस्य हैं, जिन्होंने अपनी समझ और लेखनी से पत्रकारिता के क्षेत्र में लोहा मनवाया है। अच्छी पत्रकारिता तभी संभव है, जब पत्रकारों का पठन-पाठन अच्छा होगा। एक अच्छे पत्रकार का पढ़ा-लिखा होना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर 'गोविंद लाल वोरा फाउंडेशन' के सहयोग से लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है।



### जल्द मिलेगी नई सुविधा


बहुत से पत्रकार साथी किताबें पढ़ने में रुचि रखते हैं। अन्य पत्रकारों का रुझान भी किताबों की ओर बढ़े। किताबें समझ और तर्कशक्ति विकसित करती हैं। बंद दरवाजों को खोलती हैं। अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती हैं। लाइब्रेरी के लिए प्रेस क्लब के पदाधिकारी सतत प्रयास कर रहे हैं, ताकि जल्द ही मीडिया से जुड़े साथियों को पढ़ने के लिए अच्छा माहौल मिले।

विशेषज्ञों ने कहा मौसमी बीमारी से बचने बढ़ाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता

# बसंत ऋतु की दस्तक से बदल रहा मौसम, फिट रहने योग के साथ रखें खान-पान का विशेष ध्यान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बसंत ऋतु की दस्तक से बदल रहे मौसम के बीच फिट रहने के लिए नियमित योग अभ्यास करें। संतुलित जीवन शैली से गुरेज करने वाले लोग ही बदलते मौसम की चपेट में आ रहे हैं। इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में सर्दी, जुखाम और वायरल फीवर के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। इन मरीजों में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। हरिभूमि ने बुधवार को मेडिसिन, डाइट्रिशियन व योग चिकित्सकों से बात की। विशेषज्ञों ने बीमार पड़ने के कारण और एहतियात बरतने के नुस्खे बताए। बदलते मौसम के साथ लोगों की सेहत में बदलाव आ रहा है। लगभग हर घर में कोई न कोई सर्दी, जुखाम व वायरल फीवर से पीड़ित है। बार-बार छींक या खांस रहा है। कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को मौसम में बदलाव से समस्या हो रही है।



### पानी में सब्जी को अच्छे से धोएं



*ड्राइट्रिशियन नेहा जैन बताती हैं कि बदलते मौसम में बच्चों और बुर्जुगों को ज्यादा परेशानी होती है। उनके खानपान का खास ध्यान देना चाहिए। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी और वे जल्दी बीमार नहीं पड़ेंगे। अभिभावक अपने बच्चों को रोजाना नाश्ते में अंकुरित अनाज में मूंग व चना दें। इससे उन्हें विटामिन और खनिज भरपूर मात्रा में मिलेगा। फास्ट व जंक फूड बिल्कुल भी न खिलाएं। माताएं भी खाना बनाते समय साफ-सफाई का ध्यान दें। भोजन बनाने से पहले उबले पानी में सब्जियों को अच्छे से धोएं। वहीं, बुर्जुगों को हल्का व सुपाच्य भोजन कराएं। बच्चे, युवा व बुजुर्ग सबकी ही सेहत के लिए डेयरी प्रोडक्ट का सेवन लाभदायक होते हैं। इस मौसम में फाइबर युक्त सब्जियां पालक व मेथी को अपने भोजन में शामिल करें।*



### पीड़ित व्यक्ति मास्क लगाएं

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आरएल खरे बातचीत में बताते हैं कि प्रतिदिन उनके पास 5 से 10 सर्दी, जुखाम व वायरल फीवर वाले मरीज आ रहे हैं। अधिकाशंतः मरीज वे हैं जो प्रयागराज महाकुंभ में गए थे। लंबा सफर व मौसम के उतार -चढ़ाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी है। दवा देने के बाद सप्ताहभर में ठीक भी हो जा रहे हैं। डॉ. खरे ने कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को विशेष रूप से एहतियात बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सर्दी व जुखाम से पीड़ित व्यक्ति के खांसने व छींकने पर ड्रापलेट निकलता है। इससे अन्य लोग भी संक्रमित हो सकते हैं। इसमें यही बचाव है कि सर्दी व जुखाम से पीड़ित व्यक्ति लोगों के साथ बैठने पर मास्क लगाकर रखें। मास्क लगाने पर उलझन होती हो तो खांसते व छींकते समय लोगों से थोड़ी दूरी बनाएं।



### योग से मिलेगी बड़ी राहत

योग चिकित्सक डॉ. लेकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि योग के सहारे बदलते मौसम में अपनी सेहत का ख्याल रखा जा सकता है। ऐसे में लोगों को जल नीति योग करना होगा। यह नाक के भीतरी भाग को शुद्ध करता है। इससे सांस लेने में आसानी होती है। तेजी से बदलते मौसम में सर्दी, जुखाम, वायरल फीवर से पीड़ित मरीज के लिए कपालभाति योगासन बहुत कारगर साबित हो सकता है। यह शरीर को गर्म रखता है। प्राणायाम करने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन की सप्लाई अच्छे से होती है। तनाव, अवसाद व जुखाम से ग्रस्त लोगों को भ्रामरी प्राणायाम और अनुलोम-विलोम करना चाहिए। इससे तन-मन का संतुलन ठीक ही रहेगा। साथ में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर होगी।

समाज लाइव

## हर व्यक्ति खास, सहयोग से मिलती है समाज को मजबूती



**रायपुर।** किसी भी समाज में हर एक व्यक्ति खास होता है। समाज को एक रुपए देने वाला जितना जरूरी है, उतना ही महत्व पांच लाख दान देने वाले का भी है। क्योंकि, सामने वाले ने अपनी क्षमता से दान किया है। स्वर्णकार समाज के वार्षिक उत्सव में यह बात महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने समाज के महत्व को समझाते हुए कहा कि जैसे अंगूर इकट्ठे रहते हैं, उनकी कीमत अधिक होती है। जो अंगूर गुच्छे से अलग होते हैं, उनकी कीमत कम होती है। अपनी कीमत बनाए रखने के लिए समाज रूपी गुच्छे में रहना जरूरी है।

### ऑनलाइन क्लासेस चला रही

काले ने कहा कि घर में होने वाले शुभ कार्यों में हम स्वजनों-रिश्तेदारों को बुलाते हैं। यह अहेर हम सुख-दुख में साथ देने वाले समाज को देते हैं। जन्म दिन, शादी जैसे शुभ कार्यों में समाज को अहेर दें। इससे समाज आर्थिक रूप से मजबूत होगा। समाज की मजबूती कहीं न कहीं हमको भी सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि लोगों को मराठी भाषा सिखाने के लिए महाराष्ट्र मंडल की वरिष्ठ सदस्य पद्मजा ऑनलाइन क्लासेस चला रही हैं। इससे आप न केवल भाषा सीख पाते हैं, बल्कि महाराष्ट्र की संस्कृति और परंपरा को जान पाते हैं।

धर्म लाइव

## धार्मिक व आध्यात्मिक विचारों का आदान-प्रदान, आईजीकेवी में आयोजन



**रायपुर।** जय हरितिमा महिला समिति की ओर से बुधवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को मद्देनजर रखते हुए एकादशी पर्व पर मानस महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य धार्मिक और आध्यात्मिक विचारों का आदान-प्रदान करना था। मानस महाकुंभ की शुरुआत समिति की सभी महिला सदस्यों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद गंगाजल छिड़का गया और सबके माथे पर चंदन का टीका लगाया गया। गायत्री मंत्र का उच्चारण भी किया गया। भगवान गणेश की प्रतिमा और कुंभ (कलश) के सामने दीप प्रज्वलन किया गया। साथ ही श्रीफल और पुष्प अर्पित किए गए।

### आयोजन प्रयास और धार्मिक भक्ति का प्रतीक

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष ममता चंदेल और सचिव श्रीमती दुर्गा प्रजापति के द्वारा मंत्रोच्चारण से किया गया। इसके साथ ही समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारी व उपाध्यक्ष ममता लखेरा, सहसचिव डॉ. दीप्तीमयी दास, कोषाध्यक्ष मंजूषा पाली और खेल प्रभारी प्रीति भंडारकर ने पदों का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया और पुरस्कार वितरण किया गया। यह आयोजन महिला समिति के सामूहिक प्रयासों और धार्मिक भक्ति का प्रतीक था, जो सभी सदस्यों और भागीदारों के बीच सद्भावना और सामूहिक एकता को बढ़ावा देता है।

आराधना

## भक्तिभाव से की गई दादा गुरुदेव की पूजा, रही भीड़



**रायपुर।** श्री गुरुदेव दयाल की प्रेरणा व आशीर्वाद से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर दादाबाड़ी में माघ पूर्णिमा के अवसर पर पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी की प्रेरणा से भक्तों ने गुरु एक्तिशा के संगीतमय पाठ और अष्ट सिद्धि नव निद्धि मीले की चौपाइयों के साथ पूजा की। पूजा की शुरुआत नारियल, अक्षत और नैवेद्य के समर्पण मंत्र से हुआ। दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर और ट्रस्टी डॉ. योगेश बंगानी ने यह जानकारी दी। पूजा की शुरुआत ट्रस्ट के संतोष बैद ने दादा गुरुदेव के चमत्कारी जन हितैषी उपकारों का वर्णन करते हुए किया। जलाभिषेक, पुष्प, धूप दीप, अक्षत, नैवेद्य और फल के समर्पण के साथ पूजा संपन्न हुई।

### मेरी तकदीर बदल जाए

इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने अपने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। कैसे- कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी और गुरु तेरे चरणों की धूल जो मिल जावे, सच कहता हूं मेरी तकदीर बदल जाए जैसे भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। साध्वी के मुखारविंद से लक्ष्मी लीला पावे रे, सुंदर जे गुरु वस्त्र चढ़ावे, गुरु के आशीर्वाद का महत्व और महिमा गाई गई।

● गोदड़ीवाला धाम में संतों की अगुवाई में किया गया सामाजिक एवं वैवाहिक आयोजन

# हाथों में हिना, सिर पर सेहरा बांधे कारों से निकली दूल्हों की बारात, निभाई गई रस्में, झूमते-नाचते निकले लोग

हाथों में हिना, सिर पर सेहरा बांधे जब देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम से सात दूल्हों की बारात निकली, तो नजारा देखने लायक था। बुधवार को बैंडबाजे की धुन पर वर-वधू पक्ष के लोग ही नहीं, बल्कि बाराती और समाज के लोग भी उत्साह से थिरकते नजर आए।

**रायपुर।** हर किसी के चेहरे पर इस वैवाहिक आयोजन को खास बनाने की ललक थी। कोई सड़क बाधित न होने पाए, इसके लिए व्यवस्था बना रहा था। किसी ने पटाखे की कमान संभाली तो कोई वर-वधू को गिफ्ट देने के लिए सामग्री जुटाने की जिम्मेदारी संभाली। इसके चलते वैवाहिक उत्सव का माहौल दिनभर रहा। जब बारात निकली तो सिंधी समाज के लोग खुशी से झूम उठे। इससे सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी। इस पर अंकुश लगाने के लिए युवा भी तैयार थे।





### सात जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

दूल्हे के घरवालों और बारातियों का उल्लास देखते बनता था। छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत एवं गोदड़ीवाला धाम की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में भारी भीड़ रही। हरिभूमि से बात करते हुए पंचायत के अमर पंजवानी ने बताया कि निशुल्क सामूहिक विवाह में सात वर-वधू परिणय सूत्र में बंधे। इसमें प्रदेश के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश के जोड़े भी शामिल हुए हैं। वर-वधू पक्ष को अलग-अलग कमरे की सुविधा दी गई, ताकि वे तैयारी भी कर सकें।



### दुल्हन को सोने-चांदी के आभूषण

दुल्हनों को ब्याह के लिए तैयार किया गया। इसके लिए मेकअप आर्टिस्ट को बुलाया गया था। सभी दुल्हनों को सोने व चांदी के आभूषण भी दिए गए। इसमें झुमके, पायल, नथनी, मंगल सूत्र शामिल थे। वहीं, परिसर में लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें होमियोपैथिक डॉ. श्वेता बठेजा ने अपनी सेवा प्रदान की। बड़ी तादात में लोगों ने अपना चेकअप कराया और दवाएं लीं।





### 57 बटुकों का हुआ उपनयन

एक तरफ जहां शादी की रस्में निभाई जा रही थीं, वहीं दूसरी तरफ 57 बटुकों का जनेऊ व एक बालक मुंडन संस्कार की रस्में भी निभाई जा रही थीं। इसमें बटुकों के परिवार व समाज के लोग भी सहभागी बने। आयोजन में संत युधिष्ठिर विशेष रूप से आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। इसके साथ ही परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर अमर गिदवानी, हरि इसरानी, श्रीचंद सुंदररानी, मयूर पंजवानी, नरसा लालवानी व सिंधी समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। इनके मार्गदर्शन में युवाओं ने व्यवस्था की कमान संभाली।

### केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

दोपहर 2 बजे वेदी पूजा के बाद सतगुरु बाबा गेलाराम का जन्मोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर केक काटा गया और गोदड़ीवाला धाम द्वारा अन्न वितरण किया गया। इसके बाद बटुकों को सनातन परंपरा के तहत जनेऊ संस्कार कराया गया। इसमें 10 वर्ष के बालकों से लेकर 30 वर्षीय युवक भी शामिल थे। संत युधिष्ठिर ने सभी बटुकों को उपहार दिया। इसके साथ ही 14 महीने के शिशु का मुंडन संस्कार किया गया। सिंधी समाज ने आशीर्वाद स्वरूप सभी जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत के लिए 101 उपहार दिए। इसमें एलईडी, अलमारी, कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, दीवान बेड, कुर्सी टेबल सेट, इंडक्शन, डिनर सेट, मिक्सर ग्राइंडर व सीलिंग फैन शामिल किया।

## अहीर मड़ई में टिकरापारा से महादेव घाट तक रही नृत्यों की धूम, गीतों से सराबोर रहा उत्सव

**रायपुर।** शहर के टिकरापारा स्थित श्री हरदेव लाला मंदिर प्रांगण में बुधवार को दिनभर उत्सव का माहौल रहा। यहां छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज ने प्रदेश स्तर पर गहिरा - मड़ई 2025 का आयोजन किया। इसमें यादवों के सांस्कृतिक वैभव को संरक्षित करने की पहल हर साल की तरह इस बार भी की गई। छठवें आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज की धरोहर को सहेजना था। इसमें प्रथम आने वाले प्रतिभागी को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। यादवों के सांस्कृतिक विरासत गहिरा मड़ई के संरक्षण-संवर्धन के उद्देश्य से इस आयोजन को 6वें साल भी किया गया।



### नृत्य में दुर्ग रहा अव्वल



यह गहिरा मड़ई विगत 5 वर्षों से श्री हरदेव लाला मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को भी टिकरापारा से महादेव घाट तक लोग उत्साह से नृत्य करते हुए आगे बढ़े। रायपुरा से होते हुए श्री बाबा हाटकेश्वर नाथ धाम में इसका समापन किया गया। इसमें विजेताओं को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम इनाम छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज दुर्ग को मिला। इस बीच युवाओं का उत्साह भी देखने लायक था, हर किसी ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

### समाज ने निभाई अहम भूमिका

इस कड़ी में विधायक सुनील सोनी ने प्रतिभागी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। यादव प्रमुखों ने विधायक को अहीर पगड़ी, पितांबरी गमछा व तेंदुसार के लाठी फूलैता भेंट करके सम्मानित किया। अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, गहिरा मंडई के संयोजक राजेश यादव, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, रायपुर जिला अध्यक्ष रोमनाथ यादव सहित हर वर्ग के लोगों ने शामिल होकर मड़ई को सफल बनाने में योगदान दिया।

## अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें, नाटक समाज का आईना



**रायपुर।** अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें, क्योंकि इसी में कला-संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। नाटकों की श्रृंखला में समाज की झलक भी देखने को मिलती है, इसलिए इसे समाज का आईना भी कहा जाता है। बुधवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल अंतर-मंडलीय रेलवे स्कूल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक) का आगाज करते हुए उक्त बातें मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने कही। इस श्रृंखला में एकांकी नाटक, एकल अभिनय और मिमिक्री से रेल अधिकारी क्लब 'उल्लास' से सराबोर रहा।

### थीम के आयामों को समझाया

*इसमें मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल बी.एम.वाई की प्राचार्या डी. लक्ष्मी ने पेश किया। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से जुड़े 03 रेलवे स्कूल शहडोल, बी.एम.वाई, नैनपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक के रूप में डॉ. कुंजबिहारी शर्मा, शक्ति पद चक्रवर्ती और सुमिता बोस पाटिल मौजूद थी। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतियोगिता की थीम 'अभिनय-अभिज्ञानम्' के आयामों को समझाया। धन्यवाद ज्ञापन निकिता अग्रवाल ने किया।*

राजधानी में करणी सेना ने किया भव्य खारुन गंगा महाआरती का आयोजन, उमड़ी भीड़

कार्नर न्यूज

## माघी पूर्णिमा पर महादेव घाट में श्रद्धालुओं का मेला, नदियों को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**रायपुर।** माघी पूर्णिमा पर शहर के महादेव घाट स्थित श्री हाटकेश्वर नाथ महादेव के श्रीधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस पावन पुण्य अवसर पर सैकड़ों लोगों ने पुण्य स्नान किया। महादेव को जल अर्पित करने और अभिषेक के लिए भी पहुंचे। इसके चलते दिनभर भक्तों का मेला लगा रहा। इसमें हर वर्ग के लोग उत्साह से शामिल हुए। इसे देखते हुए आस-पास के लोगों ने पूजा सामग्री सहित खाने-पीने की दुकानें सजाई , ताकि लोगों को जरूरी सामग्री के साथ ही मेले की खुशी और माहौल मिल सके।









### आस्था- पर्यटन का स्वरूप

वहीं, शाम को महादेव घाट में प्रतिदिन होने वाली खारुन गंगा महाआरती अत्यंत भव्य रूप में संपन्न हुई। माघी पूर्णिमा के अवसर पर करणी सेना छत्तीसगढ़ एवं मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में करणी सेना एवं समिति प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में भव्य रूप से खारुन गंगा महाआरती की गई। आस्था और पर्यटन के साझा स्वरूप में विकसित हो रहा उत्सव बनारस के बाद रायपुर के महादेव घाट में ही होता है। लोगों का रिस्पांस भी लगातार बढ़ने लगा है।

### विधि-विधान से महाआरती

इस आयोजन को लेकर आयोजकों ने बताया कि खारुन गंगा महाआरती ने 4 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। इस बार भी आरती से पूर्व सभी आगंतुक श्रद्धालुओं ने खारुन के साथ ही भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस आयोजन में विधि विधान से प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा मैया की महाआरती की गई। इसमें सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। शंख ध्वनि की गूंज के बीच ही गंगा मैया का जयघोष गुंजायमान हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में खेलेंगे उत्कर्ष-हिमांशु



**रायपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बिलासपुर के दो क्रिकेट खिलाड़ी उत्कर्ष जायसवाल और हिमांशु जोगी का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता 12 से 20 फ़रवरी तक कलिंगा इंस्टिट्यूट इंडसट्रियल ऑफ़ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी भुनेश्वर की मेजबानी आयोजित है। खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, इंजिनिरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉक्टर रितेश जैन, प्राचार्य डॉक्टर संदीप शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल आदि ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय रग्बी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे टिकेश्वरी और जाहनवी



**रायपुर।** सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश के ग्वालियर मे 11 से 16 फरवरी तक किया गया है। रग्बी प्रशिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर् राव ने बताया कि स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसदा बेमेतरा जिले से टिकेश्वरी निर्मलकर और जाह्नवी पाल का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे हुआ है, जो छत्तीसगढ़ प्रदेश की सब जूनियर बालिका टीम मे शामिल हो रहे हैं। इनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा क्षिप्रा सरकार, व्यायाम शिक्षिका रामेश्वरी साहू, संध्या परगनिहा, बलिराम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, अभिषेक, करण, आदित्य कृष्णा तारकेश्वर, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर और संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** भारतीय तीरंदाज़ी संघ द्वारा 44 वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप बालक एवं बालिका का आयोजन 10 से 17 फरवरी तक बोलपुर पश्चिम बंगाल में किया जा रहा है। जिसमें महासमुंद जिले के 05 बालिका एवं 02 बालक सहित कुल 07 तीरंदाजी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के इंडियन, रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में हुआ है। जिसमें बालिका वर्ग कम्पाउन्ड राउंड में नवलीन कौर एवं पद्मा साहू, बालिका रिकर्व राउंड में सत्यभामा साहू, बालिका इंडियन राउंड में जया साहू एवं चांदनी साहू तथा बालक इंडियन राउंड में कमलेश साहू एवं तोरण यादव पिता नेतराम यादव शामिल हैं।

सभी खिलाड़ियों ने बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा से अपनी तीरंदाजी खेल की शुरुआत डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, पिरित साहू के द्वारा किया गया, जहां से नियमित खेल अभ्यास, खेल कौशल का विकास करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं। जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय अकादमी बिलासपुर, रायपुर, साईं सेंटर रायपुर एवं महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर रहे हैं।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप पश्चिम बंगाल में शामिल होने एवं अच्छे खेल प्रदर्शन करने हेतु भारतीय तीरंदाज़ी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, प्रदेश सचिव आयुष मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय भोरिंग महेंद्र टंडन, खेल प्रशिक्षक बाल आश्रम बिहाझर पिरित साहू, संजय पटेल, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, रिंकल बग्गा, प्रशिक्षक हीरू राम साहू, संदीप, बिंदेश्वरी, दुर्गेश नंदनी, रंजीत कौर, भोज राम साहू, खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद के सभी खिलाड़ी, बॉल आश्रम बिहाझर के सभी खिलाड़ी व समस्त स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी है।

बुधवार को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, अब तक 18 पदक हासिल

# राष्ट्रीय खेलों में जिमनास्टिक और निशानेबाजी में चांदी जीत लाए छत्तीसगढ़ के नवीन-परम

**रायपुर।** उत्तराखंड में चल रहे 38 वे राष्ट्रीय खेल में 16वां दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक रहा। बुधवार को छत्तीसगढ़ के अदारी नवीन साईं ने जिम्नास्टिक्स के स्टील रिंग इवेंट में रजत पदक एवं परमपाल सिंह ने निशानेबाजी (शूटिंग) के स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक पर प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ने 38वीं राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 18 पदक प्राप्त किए है।

देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित जिम्नास्टिक्स इवेंट में छत्तीसगढ़ के अदारी नवीन साईं ने आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स के स्टील रिंग में 12.833 अंक हासिल करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया । साईं ने जिम्नास्टिक्स के क्वालिफिकेशन राउंड में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर बेस्ट 8 में अपनी जगह बनाई। जिसके बाद बुधवार 12 जनवरी को अप्रेट्स फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। ए नवीन साईं ने स्कूल नेशनल, सीनियर नेशनल जैसे कई प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दे चुके है। रुद्रपुर में आयोजित निशानेबाजी (शूटिंग) प्रतियोगिता के स्कीट इवेंट में छत्तीसगढ़ के परमपाल सिंह (रायपुर जिला) ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग के स्कीट इवेंट में 51 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। परमपाल सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड के प्रथम राउंड में 23 दूसरे राउंड में 23 तीसरे राउंड में 23 चौथे राउंड में 24 एवं पांचवे राउंड में 24 अंक सहित कुल 117 अंक हासिल करते हुए फाइनल में क्वालीफाई किया। फाइनल में परमपाल सिंह ने 51 अंक हासिल करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। राजस्थान के अनंतजीत सिंह नरूका ने 56 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक एवं पंजाब के भावतेग सिंह गिल ने 42 अंक हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किए।



### छत्तीसगढ़ महिला मलखंब टीम ने जीता कांस्य पदक

उत्तराखंड में चल रहे 38 वें राष्ट्रीय खेल में 15 वें दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ महिला मलखंब टीम ने तीसरे स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ ने 38वीं राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 02 रजत पदक एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक प्राप्त किए है। वन चेतना इंडोर स्टेडियम चकरपुर, खटिमा में मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक किया गया है। मलखम्ब प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तराखंड के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। प्रथम दिन के खेल में रोप व पोल मलखंब पर छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 80.05 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहते छत्तीसगढ़ के लिए 16वा कांस्य जीता। महिला वर्ग में संताय पोटाई (नारायणपुर), मोनिका पोटाई (नारायणपुर), दुर्गेशवरी कुमेटी (नारायणपुर), अनिता गोटा (नारायणपुर), सरिता पोयम (नारायणपुर ) और शिक्षा दिनकर (जांजगीर-चाम्पा) शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक मनोज प्रसाद, प्रेमचंद शुक्ला एवं प्रबंधक श्रीमती शांति साहू है।



खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं



उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ मल्लखम्ब एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला एवं महासचिव डॉ. राजकुमार शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बधाई दी है।



## जानिए हैंडस्टैंड पुश-अप्स करने का सही तरीका, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

मौजूदा समय में एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी काम माना जाता है। आजकल अधिकतर लोग बैठकर काम करने की आदत में हैं, जिससे मोटापा, डायबिटीज, ह्रदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित एक्सरसाइज से इन बीमारियों का जोखिम कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी एक्सरसाइज करने से बहुत सारे फायदे होते हैं।

### एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी

फिट रहना किसी भी व्यक्ति के लिए जरूरी है। एक्सरसाइज से शरीर मजबूत और लचीला बनता है, जो उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याओं को कम करता है और ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है। एक्सरसाइज से नींद में सुधार होता है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अच्छे से सोने से शरीर ठीक से रिकवर कर पाता है और अगले दिन के लिए ताजगी महसूस होती है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप क्या है?

हैंडस्टैंड पुश-अप एक बॉडीवेट एक्सरसाइज है जो कंधों, हाथों, और सीने की ताकत को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह पुश-अप का एक वर्शन है, जिसे आप अपने हाथों के बल किए हुए करेंगे और शरीर को उल्टा रखेंगे। इस एक्सरसाइज में शरीर का वजन कंधों और बाहों पर आता है, जो कंधे और कोर को मजबूत करने में मदद करता है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप करने का सही तरीका



हैंडस्टैंड पुश-अप करने के लिए सबसे पहले, एक दीवार के पास खड़े हो जाएं। इससे आपको स्थिरता मिलेगी। अब अपने पैरों को दीवार पर रखें और हाथों से जमीन पर सपोर्ट लें। सुनिश्चित करें कि आपके हाथ कंधे के नीचे और आपके शरीर की सीध में हों। आपके पैरों की ऊँचाई दीवार पर कम से कम होनी चाहिए, ताकि आप उलटे खड़े हो सकें।

### पोजिशन को ध्यान में रखना जरूरी

धीरे-धीरे अपने पैरों को दीवार पर रखें और शरीर को सीधा रखते हुए हाथों पर खड़ा हो जाएं। इस पोजीशन में आपके शरीर का पूरा वजन आपके हाथों और कंधों पर होगा। अब, धीरे-धीरे कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को नीचे की ओर लाएं। कंधों के पास कोहनियों को बाहर की ओर फैलाने की कोशिश करें, और शरीर को नियंत्रित रखते हुए नीचे की ओर लाएं।

### इन बातों का रखें ख्याल

शुरुआत में दीवार का सहारा लेना बेहतर होता है, क्योंकि यह संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। समय के साथ आप बिना दीवार के भी यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। शुरू में धीमे और सावधानी से करें। जल्दबाजी में या गलत तकनीक से चोट लगने का खतरा हो सकता है। इसे नियमित करने से कंधे, ट्राइसेप्स, और हाथों की ताकत बढ़ती है।



# नवविवाहिता को उपहार में दें फोलिक एसिड की गोलियां

**रायपुर।** आजकल शिशुओं के जन्म के साथ ही इसमें पीलिया से लेकर तमाम अन्य लोगो की लम्बी फेहरिस्त पाई जा रही है। हालांकि अधिकांश जन्मजात पीलिया का उपचार सिर्फ सूरज की किरणों से ही सम्भव है लेकिन एनोरेक्टल विकृतिया, हर्निया या हाइड्रोसिल, ट्रैकियों इसोफेजियल फिस्टुला और गैस्ट्रोस्किसिस जैसी विसंगतियां तत्काल सर्जरी से ही दूर हो सकती है । वहीं, अधोमूत्रमार्गता या हाइपोस्पेडिया, मरोड़ वृषण या अंडकोष ऐंठन, एम्पाइमा, लिवर एब्सेस, अपेंडिसाइटिस, परफोरेशन, थाइरोग्लोसल सिस्ट, हर्षप्रुंग डीजीज, पोस्टीरियर यरेथरल वाल्व, टंग टाई, डरमाइड, टेराटोमा, मेनिंगोसील, हीमैन्जीयोमा और पित्ताशय की पथरी जैसे रोगो का उपचार भी सर्जरी ही है जिसे शिशु के जन्म से लेकर कुछ वर्ष बाद तक भी संपन्न किया जा सकता है।

यह जानकारी देते हुए अष्टविनायक हॉस्पिटल आमासिवनी रायपुर के नवजात एवं शिशु सर्जरी विभाग के प्रमुख डा. रितेश रंजन ने बताया कि एनोरेक्टल विकृति में शिशु के गुदा एवं मलाशय का ठीक से विकास नहीं हो पाता जिसे सर्जरी के जरिये ठीक किया जा सकता है । वहीं, हाइपोस्पेडिया से पीड़ति शिशु (बालक) का उपचार भी सर्जरी है जिसे समान्यतः 2 वर्ष की आयु तक करा लेना चाहिये।

### कैसे पाएं स्वस्थ व शारीरिक विसंगति मुक्त बच्चा

डा. रंजन ने बताया कि स्वस्थ और विसंगति मुक्त शिशु के लिए गर्भवती महिला के शरीर में फोलिक एसिड पर्याप्त मात्रा में होना आवश्यक है । इसके लिए वह तीन महीने लगातार 5 एमजी की गोली खाएं । साथ ही हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें । फोलिक एसिड बच्चों के जन्म के बाद दो साल तक लिया जा



सकता है। वहीं, बुखार होने पर सिर्फ पेरासिटामोल की गोली और एंटीबायोटिक दवा के तौर पर एमोक्सीसिलिन के अलावा कोई अन्य दवा ना लें। इसके अलावा किसी भी रोग की जाँच के लिये अपना एक्स-रे ना करायें । यह सावधानी बरतने से शिशु में विसंगतियां नहीं होगी यदि संभव हो तो नवविवाहिता को उपहार स्वरूप फॉलिक एसिड की गोलियां दी जा सकती है।

### स्वस्थ शिशु के लिये गर्भधारण के पहले कराये टॉर्च टेस्ट

डा. रंजन ने बताया कि गर्भधारण करने से पहले महिला को टॉर्च टेस्ट कराना चाहिए । यह टेस्ट चार तरह के संक्रमणों के बारे में जानकारी देता है जिसमें टोक्सोप्लाज्मा, रूबेला, साइटोमेगालोवायरस, हर्पीज शामिल शामिल है । टॉर्च परीक्षण रक्त परीक्षण का समूह है जो उन संक्रमण की जांच करने में मदद करता है जो गर्भावस्था के दौरान अजन्मे बच्चे को संभावित रूप से नुकसान पहुंचा सकते है । गर्भवती महिला में ये संक्रमण नवजात शिशु में गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकते है, इसलिये जितनी जल्दी हो सके उनका पता लगाना और उनका इलाज करना महत्वपूर्ण है । प्रेगनेंसी के दौरान टॉर्च इंफेक्शन की वजह से मिसकैरेज हो सकता है। शिशु को जन्मजात रूबेला सिंड्रोम के अलावा मेनिनजाइटिस, एनीमिया और निमोनिया भी हो सकता है । बच्चों में ऑपरेशन संबंधित बीमारियों के लिये विशेषज्ञ पीडियाट्रिक सर्जन का चुनाव करें।

# किराए के मकान में रहते हुए न करें ये भूल

कई बार किराए के मकान में रहते हुए कुछ ऐसी वास्तु से जुड़ी भूल लोग कर बैठते हैं जिसके कारण उनका अपना घर बनने में देरी होने लगती है और अनेकों बाधाएं पैदा होती जाती हैं।



### किराए के मकान के लिए वास्तु टिप्स

सबसे पहले किराये के मकान में रहने वाले लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि अगर आप जिस घर में रह रहे हैं वहां आपके साथ घर का मालिक या मालकिन भी रहते हैं तो ऐसे में वास्तु दोष सिर्फ आपकी गलती के कारण ही नहीं बल्कि घर के ओनर के कारण भी पैदा हो सकता है जिससे नुकसान आपका और घर के मालिक/मालकिन दोनों का हो सकता है।

वहीं, अगर आप किराये के मकान में अकेले रहते हैं तो ऐसे में वास्तु से जुड़ी बातों का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि वह घर भले ही किसी और का हो लेकिन उसमें रखी वस्तुओं का इस्तेमाल आप कर रहे हैं। किराए के घर में कभी भी लकड़ी के दरवाजे नहीं होने चाहिए। हमेशा स्टील धातु से बना दरवाजा लगवाना चाहिए नहीं तो इससे घर की बरकत रुकती है। असल में लकड़ी खराब हो जाए या घुन लग जाए उसमें तो ऐसी लकड़ी के दरवाजे नकारात्मक ऊर्जा को घर में प्रवेश देते हैं और सकारात्मकता को रोक लेते हैं। ऐसे में स्टील के दरवाजे लगाना शुभ माना गया है। वहीं, किराए के मकान को बुरी शक्तियां जल्दी प्रभावित करती हैं। ऐसे में रोजानाशामा के समय कपूर या लोबान जलाकर उसका धुआं घर के हर एक भाग में करें। जहां एक ओर टूटा-फूटा सामान अपने घर में भी रखना अशुभ माना गया है वहीं, किराए के घर में बेकार टूटा हुआ सामान रखना और भी नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

# बॉडी बिल्डरों को होता है हार्ट अटैक का अधिक खतरा समय रहते एहतियात बरत कर रह सकते हैं सेहतमंद

बेलारूस के इलिया 'गोलेम' येफिमचिक (Illia yefimchyk) जिन्हें दुनिया के सबसे विशाल बॉडीबिल्डर के रूप में जाना जाता था, का 36 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्हें 6 सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वे कोमा में चले गए। कुछ दिनों बाद, 11 सितंबर को उनका निधन हो गया। इलिया 'गोलेम' येफिमचिक दुनिया के सबसे ताकतवर इंसान थे। 6 फीट 1 इंच लंबे थे। उनका वजन 340 पाउंड (लगभग 154.221 किलोग्राम) था। इलिया येफिमचिक के रोजाना के भोजन में सुशी के 108 पीस और 2.5 किलोग्राम स्टेक (गोश्त) शामिल था।

### कठोर ट्रेनिंग रूटीन

बॉडीबिल्डर्स अक्सर भारी वजन उठाने, अधिक मात्रा में वर्कआउट और गहन कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज वाली कठोर ट्रेनिंग फॉलो करते हैं। हालांकि व्यायाम सामान्य रूप से दिल के लिए अच्छा होता है, लेकिन अत्यधिक और लंबे समय तक इसका दबाव हृदय पर पड़ सकता है। भारी वजन उठाने या लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाले व्यायाम करने पर शरीर की प्रतिक्रिया से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, हृदय की संरचना में बदलाव हो सकते हैं, और समय के साथ यह दिल की समस्याओं का कारण बन सकता है।

### गलत पोषण

बॉडीबिल्डर्स का आहार अक्सर बहुत सख्त होता है, जिसमें असंतुलित भोजन शामिल हो सकता है ताकि वे अपने शरीर



के लक्ष्य तक पहुंच सकें। कुछ बॉडीबिल्डर्स अत्यधिक मात्रा में प्रोटीन का सेवन करते हैं और प्रतियोगिताओं से पहले वजन घटाने के लिए कठोर उपाय अपनाते हैं। ये प्रथाएं दिल पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। अत्यधिक प्रोटीन से किडनी पर जोर पड़ता है, जिससे शरीर में तरल संतुलन और ब्लड प्रेशर में गड़बड़ी हो सकती है। कठोर वजन घटाने के तरीके, जैसे अत्यधिक कैलोरी की कमी या शरीर को पानी से वंचित करना, इलेक्ट्रोलाइट्स और रक्त की मात्रा में असंतुलन पैदा कर सकते हैं, जिससे हृदय को सही ढंग से काम करने में कठिनाई हो सकती है।

### पानी की कमी

प्रतियोगिताओं की तैयारी में बॉडीबिल्डर्स अक्सर खुद को जानबूझकर पानी से वंचित कर देते हैं ताकि उनकी मांसपेशियां अधिक उभरी हुई और पतली दिखें। निर्जलीकरण से खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है। दिल को सामान्य रूप से खून को पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हृदय संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कान्ये ने एक्स को कहा अलविदा, आखिरी पोस्ट में एलन मस्क को दिया धन्यवाद



पिछले कुछ दिनों से यहूदी विरोधी, स्त्री द्वेषी और नस्लवादी टिप्पणियों के बाद मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि रैपर ने खुद अपना अकाउंट बंद किया है या फिर एक्स की तरफ से इसे बंद किया गया है। अकाउंट बंद होने से पहले कान्ये वेस्ट ने एक्स के मालिक एलन मस्क का आभार व्यक्त किया था। उन्होंने लिखा, ₹मैं अब ट्विटर से लॉग आउट कर रहा हूं। मैं एलन का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया। दुनिया को एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही सुखद रहा है।₹ यह घटनाक्रम तब हुआ जब वेस्ट ने सुपर बाउल के दौरान टेलर स्विफ्ट पर टिप्पणी की। स्विफ्ट इस इवेंट में अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से का समर्थन करने आई थीं। कान्ये वेस्ट ने इस बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, ₹अगर यह संस्कृति के बारे में है तो हम टेलर स्विफ्ट को टीवी पर एक अश्वेत व्यक्ति को नीचा दिखाने वाला गाना गाते हुए और ऐसी चीजों का आरोप लगाते हुए क्यों देख रहे हैं, जो अश्वेत व्यक्ति को जीवन भर के लिए नीचा दिखा सकती हैं।₹ इसके अलावा कान्ये वेस्ट ने कई बार एक्स पर विवादित और नफरत भरी पोस्ट्स साझा की थीं। उन्होंने खुद को 'नाजी' कहा और यौन तस्करी के आरोपों में जेल में बंद संगीत जगत के दिग्गज शॉन पी. डिडी को रिहा करने की अपील की थी। इसके अलावा उन्होंने नाजिवाद का प्रचार करने वाले कपड़े अपने आधिकारिक वेबसाइट पर बिक्री के लिए लगाए थे।

### टॉलीवुड

## हॉरर और थ्रिलर भरी है 'अगथिया' की कहानी, बड़े परदे पर देखने का इंतजार



जीवा, अर्जुन सरजा और राशि खन्ना अभिनीत दक्षिण भारतीय फिल्म 'अगथिया' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार फैंस काफी समय से कर रहे थे। ट्रेलर में कई सारे एक्शन और शानदार दृश्य भी शामिल हैं। ट्रेलर से फिल्म में कुछ छिपे रहस्यों का अंदाजा लग रहा है। फिल्म 'अगथिया' के ट्रेलर में ही हॉरर कहानी की झलक दिखाई देती है। इसमें एक हवेली दिखाई गई है, जिसमें 120 साल पहले मरी हुई आत्माओं का वास है। फिल्म में पांडिचेरी की भी झलक देखने को मिलने वाली है। ट्रेलर में कई सारे विदेशी कलाकार भी नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एंजल और डेविल्स के बीच घूमती दिखती है। फिल्म निर्माता अनीश अर्जुन देव और डॉ इशारी के गणेश ने कहा, "यह फिल्म एक फैंटसी, हॉरर और थ्रिलर फिल्म है जो दर्शकों के सामने एक रहस्य और रोमांच के जरिए मनोरंजन के नए दरवाजे खोलने जा रही है। हमारी फिल्म आम हॉरर फिल्मों से बहुत अलग होगी,जो दर्शकों को एंटरटेनमेंट का एकदम नया स्वाद परोसने को तैयार है। फिल्म दर्शकों के सामने हॉरर, फैंटेसी और थ्रिलर की नई परिभाषा पेश करने वाला सिनेमा प्रस्तुत करेगी।"

प्रसिद्ध गीतकार से निर्देशक बने पा. विजय ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म 'अगथिया' 28 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में फेंटसी, हॉरर और थ्रिलर जॉनर की मिली जुली कहानी देखने को मिलने वाली है। फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ साथ हिन्दी में भी बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अभिनेता योगी बाबू, ऐक्टर ऐडवर्ड सोनेनब्लिक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### भोजपुरी

## वैलेंटाइन डे पर रानी देंगी फैंस को तोहफा जल्द आने वाली 'प्रिया ब्यूटी पार्लर'



भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'प्रिया ब्यूटी पार्लर' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे पार्लर वाली की भूमिका अदा कर रही हैं। अभिनेत्री ने इस फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट शेयर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह सूचना फैंस के साथ साझा की है और बताया है कि फिल्म का ट्रेलर वैलेंटाइन डे पर आने वाला है। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'एक जरूरी सूचना'। पोस्ट के साथ साझा वीडियो में वे कहती दिख रही हैं, 'नमस्कार क्या हालचाल बा? मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि 14 फरवरी आ रही है। 14 फरवरी वैलेंटाइन है, इसलिए उत्साहित नहीं हू, क्योंकि वैलेंटाइन डे से मेरा कोई लेना-देना है नहीं काफी टाइम से'। उन्होंने आगे कहा है, 'मैं आपको बता दूं कि 14 फरवरी को मेरी फिल्म का ट्रेलर आ रहा है। इस फिल्म का नाम है 'प्रिया ब्यूटी पार्लर'। पहली बार मैंने ब्यूटीशियन का रोल निभाया है। बहुत ही दिलचस्प कहानी है। ट्रेलर देखकर आपको पता चल जाएगा। आप लोग समय निकालकर जरूर देखिएगा। उम्मीद है आपको जरूर पसंद आएगा'। रानी ने कहा कि यह इस साल की उनकी पहली रिलीज है।

रानी चटर्जी के इस पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'साल की पहली फिल्म के लिए हार्दिक शुभकामनाएं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी फिल्म का इंतजार है'। कुछ यूजर्स रानी के लुक्स की तारीफ करते दिख रहे हैं।

## डैनियल का जलवा

"मशहूर मॉडल डैनियल अपनी मुखरता के लिए चर्चित रहीं हैं। हाल ही में उन्होंने ट्विटर पर अपनी अदाएं बिखेरते हुए जबरदस्त टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा, ₹मैं एक महत्वाकांक्षी फैशन स्टाइलिस्ट और ब्लॉगर हूँ। मैं कहूँगी कि मेरी शैली ठाठदार और आकर्षक है। मुझे अलग-अलग शैलियों को एक में मिलाना पसंद है..."... और असामान्य प्रिंट और रंग संयोजन का उपयोग करना पसंद है। मुझे विंटेज/थ्रिफ्टेड कपड़े लेना पसंद है...।" उनकी इस टिप्पणी को फैंस पसंद कर रहे हैं।




## डार्क सर्कल के लिए घर पर तैयार करें ये खास क्रीम, जानें बनाने का तरीका

अगर आप भी आंखों के नीचे होने वाले डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इस घरेलू नुस्खे को जरूर अपनाना चाहिए। इससे आपको काफी फायदा देखने को मिलेगा।

### जानें ब्यूटी एक्सपर्ट की राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक चेहरे की खूबसूरती को खराब करने में डार्क सर्कल्स का बड़ा योगदान होता है। आंखों के नीचे होने वाले इन काले घेरे से बचने के लिए आप घर पर रह कर इस खास जेल को बना सकती हैं। इस जेल को आंखों के नीचे लगाने से आपके डार्क सर्कल्स तो काम होंगे ही साथ ही आपकी स्किन को ठंडक मिलेगी, कलापन दूर होगा और आंखों के नीचे होने वाली खुजली, जलन से राहत भी मिलेगी। इस जेल को बनाने के लिए सबसे पहले सामग्री को इकठ्ठा कर लें। आइए जानते हैं इसकी सामग्री के बारे में।

### जानें बनाने का तरीका

एक्सपर्ट के मुताबिक इस खास अंडर आई क्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले आपको ताजे एलोवेरा जेल को एक कटोरी में निकाल कर इसमें कुछ बून्द गुलाब जल की मिला तक इस जेल को तैयार करना हैं, फिर इसे 10 मिनट के लिए रख कर रात में सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे जहां पर काले घेरे हैं, वहां इसे लगाना है।



### इन बातों का रखें ध्यान

ध्यान रहे इसे लगाते समय आपको अपनी आंखों को बचाते हुए इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि अगर गलती से ये आपकी आंख में चला गया तो इससे आपको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। आप इस जेल को डार्क सर्कल्स पर रोजाना रात में सोने से पहले लगा सकती हैं। ऐसा आपको कम से कम एक से दो हफ्ते तक रोजाना करना चाहिए।

## पार्टी में सभी का रंग पड़ जाएगा फीका, जब स्टाइल करेंगी ये गाउन




शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, शादी के बाद होने वली रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे।

इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेट वाला गाउन भी आप रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं और यह गाउन आपको कई सारे कलर और वर्क आप्शन के साथ 3,000 से 6,000 रुपये में मिल जाएगा।

## अपने पार्टनर को दें ये ऑक्सीडाइज्ड ब्रेसलेट, हाथों की बढ़ जाएगी सुंदरता

पार्टनर को सरप्राइज करने का प्लान है, तो ऐसे में आप कुछ अलग तरह की एक्सेसरीज को गिफ्ट करें। जिसे वियर करके आपका पार्टनर खुश नजर आए।

### घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर पार्टनर के हाथों की सुंदरता को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऐसे में आप घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट हाथों में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसे आपकी पार्टनर बाद में किसी और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आगे की तरफ काफी सारे घुंघरु होते हैं। इसे पीछे दबाकर सेट किया जाता है। इसलिए ये हर किसी के हाथों में आसानी से आ जाते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट मार्केट में आसानी से मिल भी जाते हैं।

### सिंपल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी हर रंग के साथ अच्छी लगती है। ऐसे में आप अपने पार्टनर को वेलेंटाइन डे पर गिफ्ट करने के लिए इन ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इस में छोटे-छोटे डिजाइन दिए होते हैं। इससे ब्रेसलेट हर ज्वेलरी के साथ पेयर हो जाता है। हाथों में पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप चाहें तो पेयर में भी गिफ्ट कर सकते हैं।



### स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप पार्टनर को खुश करने के लिए स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह का ब्रेसलेट वेस्टर्न आउटफिट के साथ काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप इसे चाहें तो किसी भी ड्रेस के साथ पेयर करके वियर कर सकते हैं। इसे पहनने के बाद आपको हाथों में किसी और चीज को पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे ही, आपका लुक अच्छा लगगेगा।

## रातभर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर रखने का है जोखिम, आप भी जानिए

ओवरनाइट चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से त्वचा हाइड्रेट और कोमल बनी रहती है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से ड्राईनेस, चिपचिपाहट या स्किन इरिटेशन भी हो सकती है। जानें इससे जुड़े कुछ फायदे और सावधानियां।

ग्लिसरीन के प्रयोग को डर्मेटोलॉजिस्ट भी अच्छा मानते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि हर तरह की स्किन टाइप पर इसका प्रयोग किया जा सकता है। मगर क्या इसे रात भर के लिए चेहरे पर लगाकर सोया जा सकता है? इस विषय में हमारी बात डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से हुई है। वह कहते हैं, ₹नहीं, रात में सोने से पहले आपको चेहरे डीप क्लीन और मॉइश्चराइज करना है। ग्लिसरीन बेशक स्किन के लिए अच्छी मानी गई है, मगर त्वचा पर इसकी उपस्थिति 30 मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह एक केमिकल फॉर्मुला है। रातभर या अत्याधिक मात्रा में यदि आप इसे चेहरे पर लगाती हैं, तो इसके बुरे परिणाम भी आपको देखने पड़ सकते हैं।



### क्या है ग्लिसरीन?

यह एक कार्बनिक यौगिक है। यह आपको जानवरों के फैट और वेजिटेबल से निकले तेल में मिलता है। इसमें न तो रंग होता है और न ही कोई खुशबू होती है। इसे त्वचा पर लगाया भी जा सकता है और खाया भी जा सकता है। यह त्वचा को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी त्वचा चमकदार भी बनती है और ड्राईनेस भी कम होती है।

कार्नर न्यूज

### स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी

## भीड़ में दिखना है अलग, ट्राई कीजिए कुछ खास और बेहतरीन आउटफिट्स

सर्दी की विदाई के मौसम में स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी होता है। इसके लिए ब्लेजर, स्वेटशर्ट, स्टाइलिश हूडी और जॉगर्स जैसे कपड़े बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पार्टी में जाते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पार्टी में एक शानदार लुक पाने के लिए बेहतरीन आउटफिट का होना अहम है।

### पार्टी में पहने इस तरह के कपड़े

अगर आप युवा हैं तो फॉर्मल ड्रेस की बजाय कैजुअल और आरामदायक कपड़े पहनना अच्छा रहेगा। हालांकि, ध्यान रखें कि चमकदार रंगों से बचें, क्योंकि ये पार्टी के माहौल के हिसाब से अधिक जंचते नहीं। इसके बजाय, सादे और हल्के रंगों के कपड़े, जैसे कि ग्रे, ब्लैक या डार्क ब्लू, आपको एक स्टाइलिश और कंटेम्परेरी लुक देंगे, जो ठंड में भी आरामदायक रहेगा।



### ऐसे बन सकते हैं स्मार्ट और स्टाइलिश

जश्न में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्लेन स्वेटर और ब्लेजर का कॉम्बिनेशन बेहद स्टाइलिश और आरामदायक होता है। कैजुअल पैंट और ब्रोग्स शूज के साथ ये लुक एकदम परफेक्ट है, क्योंकि यह आपको स्मार्ट और रिलैक्स दोनों ही लुक देता है।

ये आउटफिट न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि बहुत ही क्लासी भी लगता है, जिससे आप पार्टी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### डेनिम जैकेट निखारेगा आपका लुक

पार्टी में अगर आप कम ठंड में भी कूल और स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यह लुक बिल्कुल आपके लिए है। डेनिम जैकेट के नीचे एक सिंपल टी-शर्ट, आरामदायक जॉगर्स और कैजुअल स्नीकर पहनकर आप एक बेहतरीन और स्मार्ट लुक पा सकते हैं।

### ट्राई कर सकते हैं फॉर्मल लुक

फॉर्मल लुक एक ऐसी स्टाइल है, जो न केवल प्रोफेशनल माहौल में, बल्कि पार्टीज और इवेंट्स में भी बहुत अच्छा लगता है। फॉर्मल पैंट, शर्ट, कोट और ऑक्सफॉर्ड शूज एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन है, जो एक क्लासिक और एलीगेंट लुक देता है। टाई का चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। जब आप फॉर्मल लुक के साथ टाई पहनते हैं, तो यह आपके पूरे लुक को और अधिक पॉलिश और आकर्षक बना देता है।

